**आज का मौसम**
धूप के साथ बदली भी रहेगी, गर्म हवा चलेगी।

| 38.8° | 18.6 |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 29 | सूर्यास्त 06 : 43 |



# आज रोड शो की तैयारियां पूरी प्रधानमंत्री मोदी का इंतजार

## गुमटी गुरुद्वारा से कालपी रोड तक 1.1 किमी. का रोड शो, सीएम योगी रहेंगे साथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत और रोड शो की तैयारियां पूरी हो गयी हैं। शनिवार शाम 4 बजे पीएम मोदी का विशेष विमान चकेरी एयरपोर्ट पर आएगा। यहां से पीएम मोदी कार से सड़क रास्ते से सीधे गुमटी गुरुद्वारा पहुंचेंगे। गुरुद्वारा में माथा टेकने और गुरुद्वारा समिति के पदाधिकारियों से मिलने के बाद पीएम रोड शो के रथ पर सवार होंगे। रोड शो शाम 6 बजे से शुरू होकर गुमटी बाजार होते हुए संतनगर चौराहे से कालपी रोड पहुंचेगा। करीब डेढ़ घंटे के रोड शो में उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के साथ कानपुर नगर और अकबरपुर के प्रत्याशी भी रहेंगे। 1.1 किलोमीटर के रोड शो के दौरान पीएम मोदी करीब 2 लाख लोगों से रूबरू होंगे।

कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी ने भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के मीडिया सेंटर की शुरुआत की।



गुमटी गुरुद्वारा सजाया गया है। अमृत विचार

- **37 ब्लॉकों में बैठने की होगी व्यवस्था, 2 लाख लोग जुटेंगे**

प्रकाश पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को ऐतिहासिक बनाने कि तैयारी पूरी कर ली गयी है। बताया कि रोड शो गुमटी गुरुद्वारा से शुरू होकर खोया मंडी कालपी रोड पर समाप्त होगा। इस दौरान 37 ब्लॉकों (बैठने व खड़े होने का स्थान) बनाए गए हैं जहां लोग एकत्र होंगे। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को अलग-अलग व्यवस्था की जिम्मेदारियां सौंप दी गयी हैं।


प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं के लिए भी ब्लॉक में बैठने की व्यवस्था की गई है। जिसकी ब्लॉक में बैठाने की जिम्मेदारी युवा मोर्चा निभाएगा। मीडिया सेंटर के प्रभारी अनूप अवस्थी, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह मौजूद रहे।

### झंडों-गुब्बारों से पाटा मार्ग

- पूरे रोड शो मार्ग पर भाजपा के झंडों, गुब्बारों से पाटा जायेगा। इसी प्रकार 37 ब्लॉक बन कर तैयार है। प्रकाश पाल ने बराया कि मीडिया का ब्लॉक संत नगर चौराहे पर बनाया गया है। जिसकी जिम्मेदारी नीरज गुप्ता, अशोक मिश्र, रोहित अवस्थी, अंकित बाजपेई, मनीष त्रिपाठी संभालेंगे।

### पीले चावल बांट रोड शो में आने का दिया आमंत्रण

- **कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में लोगों को बुलाने के लिए किदवई नगर विधान सभा में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने साकेत नगर, केशव नगर, उस्मानपुर, कंजडन पुरवा बस्ती, नटवन टोला बस्ती, जूही गौशाला आदि क्षेत्रों में पीले चावल बांट कर लोगों को शनिवार को सायं 4 बजे पीएम मोदी के रोड शो में आने का आमंत्रण दिया। रामदेव शुक्ला, मनीष त्रिपाठी, राजू बाजपेई, गिरीश चंद्रा, अशोक त्रिपाठी, मुकेश तिवारी, राम कुमार द्विवेदी, मीनाक्षी पांडेय, संगीता चौहान, गीता आदि मौजूद रहे।



गुमटी में फ्लीट का रिहर्सल किया गया। अमृत विचार




स्पेशल कमांडो सड़क पर उतरे। अमृत विचार

### महापौर और पार्षदों ने की सफाई

- रोड शो की पूर्व संध्या पर सायं 5 बजे महापौर प्रमिला पांडेय ने पार्षदों के साथ प्रधानमंत्री के रोड शो स्थल गुमटी गुरूद्वारा से सड़क सफाई अभियान चलाया। जो खोया मण्डी दर्शन पुरवा पर समाप्त हुआ। इस दौरान नवीन पण्डित, नेता सदन भाजपा, सन्तोष साहू, पवन गुप्ता, सौरभ देव, आरती त्रिपाठी, पार्षद अखिलेश बाजपेई पवन पांडे मौजूद रहे।

## एक नजर

### मतदान के लिए अक्षत बांटेंगे भाजपा कार्यकर्ता

**कानपुर।** भाजपा उम्मीदवार रमेश अवस्थी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता एवं सर्वोदय नगर व्यापार मंडल के पदाधिकारी घर- घर अक्षत बांटेंगे। मंडल अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि पांच टोली बनाई गई है। पांच- पांच कारोबारी घर- घर जाएंगे और भाजपा के पक्ष में डालने की अपील करेंगे। इसके साथ ही कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र में भी अकबरपुर से प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले की जीत के लिए निमंत्रण मतदाताओं को देंगे।

### भाजपा की जीत के लिए गंगा आरती कल

**कानपुर।** भाजपा की केंद्र में पुनः सरकार बने इसके लिए गंगा प्रदूषण मुक्ति अभियान संस्थान की ओर से सरसैया घाट पर मां गंगा की आरती रविवार को की जाएगी। संस्थान के अध्यक्ष दीपक वर्मा ने बताया कि शाम पांच बजे आरती का आयोजन होगा।

## व्यवस्था चाक-चौबंद



भाजपाई करते रहे रूट पर सफाई। अमृत विचार



रूट पर बैरीकेडिंग की गई। अमृत विचार

# दो ट्रेनें निरस्त की गईं दो मंधना से चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **फर्रुखाबाद-छपरा चार घंटा 30 मिनट के रि-शिड्यूलिंग से चलेगी**
- **प्रयागराज-भिवानी गोमतीनगर-जयपुर एक्स. नियंत्रित होकर चलाई जाएंगी**

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के दौरान फर्रुखाबाद रूट पर करीब पांच घंटे रेल यातायात में बदलाव किया गया है। दो ट्रेनें मंधना से आगे चलाया जाएगा तो दो ट्रेनों को निरस्त किया गया है। वहीं फर्रुखाबाद-छपरा एक्सप्रेस चार घंटा 30 मिनट रि-शिड्यूलिंग कर चलेगी।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य पीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया प्रधानमंत्री के रोड शो के कारण ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट ओरिजिनेशन, रि-शिड्यूलिंग कर चलाया जाएगा। वहीं कई ट्रेनों का निरस्तीकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि शार्ट टर्मिनेशन व शार्ट ओरिजिनेशन के तहत 15038 कासगंज से अनवरगंज एक्सप्रेस को अनवरगंज के स्थान पर मंधना स्टेशन पर रोका जाएगा। यहीं से यात्रा समाप्त होगी। इसी तरह 05343 अनवरगंज से फर्रुखाबाद अनारक्षित विशेष ट्रेन को अनवरगंज के स्थान पर मंधना से चलाया जाएगा। वहीं सेंट्रल से चलने वाली 01827 ब्रह्मावर्त अनारक्षित विशेष ट्रेन निरस्त रहेगी। 01828 ब्रह्मावर्त से सेंट्रल अनारक्षित विशेष को भी निरस्त किया गया है। इसी तरह 15084 फर्रुखाबाद से छपरा एक्सप्रेस को चार घंटा 30 मिनट रि-शिड्यूलिंग कर चलाया जाएगा। ट्रेन नंबर 14117 प्रयागराज से भिवानी एक्सप्रेस व 19716 गोमती नगर से जयपुर एक्सप्रेस को उत्तर मध्य रेलवे पर नियंत्रित करके चलाया जाएगा।

## कंगना रनौत और दीपिका भी प्रचार करने आ सकतीं हैं शहर

**कानपुर।** प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो के बाद जल्द ही और बड़े चेहरे शहर आ सकते हैं। इसको लेकर भाजपा कार्यक्रम तैयार कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के बाद अब अभिनेत्री कंगना रनौत, दीपिका चिखलिया, अभिनेता अरुण गोविल के भी कार्यक्रम मांगे गए हैं। इनके भी रोड शो कराने की तैयारी है। बढ़ते तापमान को देखते हुए भाजपा पूरी तरह से रोड शो पर निर्भर हो गई है। इसी को लेकर पार्टी ने अन्य नेताओं का कार्यक्रम मांगा है। इसके बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई है कि गर्मी को देखते हुए सभी बड़े नेताओं के रोड शो ही कराए जाएं। ये रोड शो कानपुर संसदीय क्षेत्र के सभी हिस्सों में और अकबरपुर संसदीय क्षेत्र के महाराजपुर, कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्रों में कराने की योजना है। सूत्रों की माने तो एक हफ्ते के अंदर कार्यक्रम आ सकते हैं।







## एक नजर

### भाकपा नेता अतुल अंजान को श्रद्धांजलि

**कानपुर।** स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संस्था और वाम दलों ने भाकपा के वरिष्ठ नेता अतुल कुमार अंजान के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी। संस्था के अध्यक्ष राज कुमार अग्निहोत्री, प्रताप साहनी, क्रांति कुमार कटियार, राजेश बाजपेई, देवेंद्र श्रीवास्तव, अनूप कटियार, दिलीप सिंह बागी, प्रखर श्रीवास्तव, अतुल कटियार, कुसुम बाजपेई ने कहा कि उनका निधन किसानों–मजदूरों, सभी मेहनतकशों की बुलंद आवाज की अपूर्णनीय क्षति है। लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ महामंत्री रह चुके अतुल अंजान सदैव जन पक्षधर सवालों को पूरी बेबाकी के साथ उठाते रहे। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता पूर्व पार्षद गोविंद नारायण ने, संचालन डा आर के विश्वकर्मा ने किया।

### बीएनएसडी में गिरा प्लास्टर

**कानपुर।** बीएनएसडी इंटर कॉलेज में शुक्रवार को प्लास्टर गिर पड़ा। जीने के पास हुई घटना पर गनीमत यह रही कि किसी भी बच्चे को चोट नहीं लगी। स्कूल में प्लास्टर गिरने की घटना के बाद उस जीने के पास शिक्षक की ड्यूटी लगाई गई। इसके अलावा छात्रों को भी वैकल्पिक रास्ते से निकलने का आदेश दिया गया है। प्रधानाचार्य अमर सिंह ने कहा कि प्लास्टर का छोटा सा टुकड़ा गिरा था। पूरे स्कूल के प्लास्टर की जांच कराई गई है।

### अच्छा समय लाने का झांसा देकर नकदी-गहने पार

**कानपुर।** आईआईटी सोसाइटी के रहने वाले तेज नारायण सिंह आईआईटी से सेवानिवृत्त हैं। उनकी पत्नी पूनम ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को घर आए ऑटो सवार किन्नर ने खराब समय बदलने का झांसा दिया। इस दौरान आरोपी ने स्टील के डिब्बे में 51 हजार नगद और लगभग दो लाख के गहने रखकर ऊपर से टेप लगाकर बंद कर दिया। उसे मंदिर में रखने को कह सुबह आकर खोलने की बात कही। शुक्रवार सुबह जब वह नहीं आया तो टप्पेबाजी की जानकारी हई। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

**कानपुर।** गुरुवार को फीलखाना थाना क्षेत्र से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई 17 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने शुक्रवार को घंटाघर से सकुशल बरामद कर लिया। एक दिन पहले किशोरी की मां ने क्षेत्र के बंटी पर बेटी के अपहरण और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था। इस संबंध में थाना प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया किशोरी को बरामद कर लिया गया है। न्यायालय के समक्ष उसके बयान कराए जाएंगे।

### इंटर की छात्रा को भेजे अश्लील मैसेज

**कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने इंटर की छात्रा को फेसबुक मैसेंजर पर अश्लील मैसेज भेजे। इस दौरान युवती ने परेशान होकर पिता को घटना की जानकारी दी और मामले को 1090 पर बताया। युवती के पिता ने युवक के लखनऊ निवासी बड़े भाई को जानकारी दी। जिसके बाद तहरीर के आधार पर कल्याणपुर पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस युवक से पूछताछ कर साइबर सेल से मदद ले रही है।

### 6 मई को होगी बैठक

**कानपुर।** सीएसए कृषक समिति की मासिक बैठक 6 मई को होगी। कृषक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सिंह ने बताया कि बैठक 6 मई को सुबह 11 बजे से प्रसार निदेशालय के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में शुरू होगी। समिति की बैठक में प्रदेश के कई जनपदों से प्रगतिशील किसान प्रतिभाग करते हैं। जिसमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की ओर से किसानों को नवीनतम खेती–बाड़ी व पशुपालन की जानकारियां दी जाती हैं।

---

वेतन के रूप में ली गई रकम चेक से की वापस, कहा-समय आने पर देंगी मामले में सफाई

# भर्ती घोटाले में शिक्षिका ने स्कूल को दिया चेक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फर्जी भर्ती घोटाले में आरोपी एक शिक्षिका ने लिए गए वेतन के बदले स्कूल के प्रबंधक को 2.59 लाख रुपये का चेक सौंपा है और समय आने पर सफाई देने की भी बात कही है। अब चेक कहां जमा करें, प्रबंधक यह नहीं समझ पा रहे हैं। स्कूल प्रबंधक चेक जमा करने के लिए मद की तलाश कर रहे हैं।

फर्जी शिक्षक भर्ती के तहत मदन मोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज में नौकरी पाई शिक्षिका विनीता देवी ने चेक के जरिये रकम वापस की है। स्कूल के प्रबंधक अनुराग शुक्ला ने बताया कि शिक्षिका की चेक को वे जमा करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन नियम के अनुसार चेक जमा नहीं हो सकता है। शिक्षा विभाग से भी उन्हें वापस लौटा दिया गया है। अब वे चेक को जमा करने के लिए मद की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने तो सिर्फ शिक्षा विभाग के आदेश को माना था। अब उन्हें भी आरोपों के घेरे में खड़ा किया जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने कहा कि स्कूल में नियुक्ति करने का अधिकार प्रबंधक को होता है। शिक्षिका की ओर से दिए गए चेक से विभाग का कोई लेना देना नहीं है।



- चेक जमा करने के लिए प्रबंधक तलाश रहे हैं मद, नहीं जमा हो पा रही

#### बयान की होती रही तैयारी

- शिक्षा विभाग की ओर से पुलिस प्रशासन के सहयोग के लिए दस्तावेज शुक्रवार को भी तैयार किए जाते रहे। इन दस्तावेजों में कर्मचारियों के लिखित बयानों और विभागीय जांच के दौरान प्रमुख अभिलेख को भी शामिल किया गया है। शुक्रवार को किसी से बयान नहीं लिए गए।

#### कर्मचारियों को जारी हुआ नोटिस

- शिक्षा विभाग की ओर से चल रही जांच में फंसे लेखाधिकारी, लेखाकार, तीन कर्मचारी और दो निलंबित कर्मचारियों से पूरे प्रकरण पर स्पष्टीकरण तलब करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। फर्जी पैनल में शामिल दो शिक्षिकाओं को इंटर कालेज में ज्वाइन कराने और एक का वेतन भुगतान का प्रकरण तूल पकड़ने के बाद से रिक्त चल रहे प्रधान सहायक और वरिष्ठ सहायक के पद की जिम्मेदारी लेने से लिपिक कतरा रहे हैं। उन्हें डर है कि जांच के दायरे में वो भी न आ जाएं।

#### शिक्षक नेता की भूमिका संदिग्ध

- शिक्षा विभाग की जांच जैसे–जैसे आगे बढ़ती जा रही है नए–नए खुलासे हो रहे हैं। पूरे प्रकरण में एक शिक्षक नेता की भी भूमिका पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है। विभाग की जांच में शिक्षक नेता के कर्मचारियों को हस्तक्षेप करने की भी विभाग में सुगबुगाहट शुरू हो गई है। जांच के दौरान शिक्षक नेता के तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ नजदीकियां भी उन्हें शक के घेरे में लाकर खड़ा कर रहे हैं।

#### यह है पूरा मामला

- माध्यमिक शिक्षा विभाग में फर्जी ई—मेल के जरिए शिक्षकों की भर्ती हो गई। यह पत्र अक्टूबर 2023 में एडी माध्यमिक की ओर से एक ई–मेल में नियुक्ति का पैनल भेजा गया था। इस पैनल में 9 शिक्षकों के नाम दिए गए थे। नौ में से दो शिक्षकों ने बालिका इंटर कॉलेज में नौकरी भी शुरू कर दी थी। एक शिक्षिका के वेतन का भुगतान भी होने लगा था। बीते शनिवार को यह खुलासा हुआ कि एडी माध्यमिक की ओर से जिले में आई मेल फर्जी थी। मेल आईडी में छोटा सा हेरफेर कर उसे भेजा गया था। उसके बाद से शिक्षा विभाग की ओर से पूरे प्रकरण की जांच शुरू की गई। जांच के साथ ही पैनल में सामने आए नौ आरोपियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई। विभाग के दो कर्मचारियों को भी अब तक निलंबित किया जा चुका है।

---



लोगों को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी। अमृत विचार

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं युग पुरुष : रमेश अवस्थी

**कानपुर।** भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने शुक्रवार को जनसंपर्क कार्यक्रम की शुरुआत मोतीझील पार्क से की। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों को रमेश अवस्थी ने पीले अक्षत देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में आमंत्रित किया। भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। आश्वासन दिया कि सांसद चुने जाने पर वह बिना रुके और बिना छुट्टी लिए लोगों की सेवा में उपलब्ध रहेंगे। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युग पुरुष हैं। मां भारती का सम्मान विश्व पटल पर चमकाने के लिए उन्होंने पिछले 10 साल में ऐतिहासिक फैसले लिए। उन्होंने देशवासियों से 400 पार सीटें इसलिए मांगी हैं कि भविष्य में और बड़े फैसले देशहित में लिए जा सकें। इस दौरान बर्रा मंडल अध्यक्ष संजय पासवान, अनूप अवस्थी, सुरेश वाजपेयी, कैलाश शुक्ल, पूर्व मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र शुक्ला, बिट्टू परिहार पार्षद उपस्थित रहे ।



लोगों से मिलते इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आलोक मिश्रा । अमृत विचार

### भाजपा बलात्कारियों और परिवारवाद के साथ : आलोक

**कानपुर।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने शुक्रवार सुबह सबसे पहले मंदिर में मत्था टेका। उसके बाद जूही कला डब्लू–2 नक्षत्र वाटिका पार्क, किदवई नगर, संत नगर चौराहा, कचहरी शताब्दी गेट, कैंट सत्ती चौरा, हलीम डिग्री कॉलेज समेत आदि क्षेत्रों में लोगों से जनसपंर्क किया। गांधी नगर में पूर्व विधायक संजीव दरियावादी के कार्यालय का उद्घाटन किया। भाजपा की चाल, चरित्र और चेहरा सामने आ चुका है। भाजपा बलात्कारियों और परिवारवाद वाले नेताओं के साथ खड़ी है। भाजपा सरकार ने किसानों का कर्ज माफ करने की जगह बड़े–बड़े उद्योगपतियों और अपने खास लोगों का कर्ज माफ किया। किदवई नगर उस्मानपुर में आर्यनगर विधायक अमिताभ बाजेपई और पूर्व मेयर प्रत्याशी वंदना बाजपेई के साथ मिलकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। पूर्व पार्षद जानकी वर्मा, नीलम सचान, जिलाध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, पूर्व विधायक संजीव दरियावादी, राजेश निगम, विकास अवस्थी, कवलजीत सिंह, अवनीश सलूजा समेत आदि रहे।



जनसंपर्क करते इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल। अमृत विचार

### सरकार बनते ही रिक्त पदों पर होंगी भर्तियां

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के महाराजपुर विधानसभा में शुक्रवार को इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल सपा से प्रत्याशी राजाराम पाल ने समर्थकों के साथ यशोदा नगर, गोपाल नगर व देवकी नगर में विशाल जुलूस निकाला। जगह–जगह व्यापार मण्डल, ब्राम्हण महासभा व विभिन्न सामाजिक संगठनों ने राजाराम पाल का स्वागत किया। प्रत्याशी राजाराम पाल ने कहा कि इस बार सांसद बनने पर यशोदा नगर व गोपाल नगर आदि सोसायटी क्षेत्रों का नियमितीकरण कराया जाएगा। साथ ही पूरी लोकसभा क्षेत्र का विकास किया जाएगा। कांग्रेस नेता कनिष्क पाण्डेय ने बताया कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही रिक्त सरकारी नौकरियां जल्द भरी जाएंगी। फार्म भरने वाले बच्चों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय, संतोष यादव, समर यादव, राजन बाजपेयी, मनोज त्रिवेदी, योगी कुशवाहा, अर्पित यादव, शिवसिंह यादव, ओमकार यादव, भानू प्रताप सिंह, दीपचन्द, राधेश्याम कश्यप, रमेश श्रीवास्तव, अंकित यादव, अजमेरी हसन, सुरेश मिश्रा समेत आदि रहे।



देवेंद्र सिंह भोले और सतीश महाना का स्वागत हुआ। अमृत विचार

### मोदी देश के सभी परिवारों को मानते अपना परिवार : भोले

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ महाराज विधानसभा के विनोबा नगर, सनिगवां , घाऊ खेड़ा, लाल बंगला, तिवारीपुर साजू व कल्याणपुर विधानसभा के विष्णुपुरी समेत आदि क्षेत्रों में बैठकें और जनसंपर्क किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के कानपुर आगमन पर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंच कर शहर को भाजपा मय बनाने की बात कही। देवेंद्र भोले ने कहा कि भारत का शायद ही कोई ऐसा परिवार हो, जिसकी चिंता मोदी ने ना की हो। मोदी भारत के प्रत्येक परिवार को अपना परिवार मानते हैं। हम सब मोदी परिवार हैं। सतीश महाना ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का उद्देश्य अबकी बार चार सौ पार है। महाना का उद्देश्य अकबरपुर प्रत्याशी को पांच लाख पार मतों से जीताना है। वही, भोले की बहू मान्या सिंह, बेटी कामना सिंह व प्रीति सिंह ने कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के घर–घर जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह प्रभारी शैलेंद्र त्रिपाठी, राजेंद्र चौहान, आदित्य शुक्ला, भवानी शंकर राय, कैलाश पांडे, अशोक सुरेंद्र सिंह रहे।

---

## लूट व अपहरण का आरोपी सरगना फुरकान गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक मई को घर के बाहर खड़े युवक से छीने रुपये
- दो मई को कर्मचारी का अपहरण कर छीनी थी नकदी

**अमृत विचार।** दो दिन में लूट व अपहरण करने वाले बादशाह गैंग के सरगना को बाबूपुरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा, कारतूस समेत नकदी बरामद की।

बाबूपुरवा निवासी मो. सहावेज ने बताया कि एक मई रात वह घर के पास खड़ा था। तभी बादशाह गैंग का सरगना फुरकान अहमद उर्फ लेड़ी आया और जेब में रखे छह हजार रुपये छीन लिए थे। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ लूट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं गुरुवार को बेगमपुरवा सफेद कालोनी निवासी मोहम्मद समीर किदवई नगर एम ब्लॉक स्थित शांति मार्केट में मोबाइल शाप में काम कर शाम छह बजे पैदल घर जा रहा था। एनएलसी कॉलोनी में फुरकान लेड़ी अपने साथी संग आया और बाइक पर जबरन बिठा कर ले गया और तमंचा लगा कर पांच हजार रुपये छीन लिए। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।



आरोपी फुरकान।

पीड़ित ने बाबूपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी सरगना फुरकान लेड़ी को बाबूपुरवा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि आरोपी के पास से एक तमंचा, कारतूस व लूटे गए 39 सौ रुपये बरामद कर आरोपी को जेल भेजा गया है।

## हरमिलाप स्कूल ओवरऑल चैंपियन बना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एलेनहाउस पब्लिक स्कूल पनकी में शुक्रवार को स्कूल का अंतरविद्यालयीय शतरंज टूर्नामेंट हुआ। जिसमें शहर के 16 विद्यालयों के 80 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग में कक्षा 9 से 12 के लिए प्रतियोगिता पांच राउंड में संपन्न हुई। ओवरऑल विजेता हरमिलाप मिशन स्कूल रहा।

प्रतियोगिता में डीपीएस बर्रा, वीरेंद्र स्वरुप एजुकेशन सेंटर पनकी, श्रीराम एजुकेशन सेंटर पनकी, एलेनहाउस रूमा, दून इंटरनेशनल, दुर्गा प्रसाद विद्यानिकेतन, हरमिलाप मिशन स्कूल, गुलमोहर पब्लिक स्कूल, आर्चीज स्कूल, ऑक्सफोर्ड मॉडल, फ्लोरेस्ट इंटरनेशनल पनकी, यूपी किराना बालिका, केआर एजुकेशन आदि विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि सुपरहाउस ग्रुप के सह निदेशक जफरुल अमीन, एलेनहाउस पब्लिक स्कूल की निदेशिका फिरदौस अमीन रहीं।



शतरंज में छात्राओं ने चली चाल। अमृत विचार

- एलेनहाउस पनकी में अंतरविद्यालयीय शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन

प्रतियोगिता में आब्जर्वर के रूप में श्रीराम एजुकेशन सेंटर के प्रधानाचार्य अरुण कुमार पाण्डेय रहे। निर्णायक मंडल में कानपुर शतरंज संघ के सचिव दिलीप श्रीवास्तव रहे। पांचों राउंड समाप्त होने पर समाप्ति पर यूपी किराना सेवा समिति बालिका विद्यालय से अक्षरा गुप्ता, श्रीराम एजुकेशन सेंटर पनकी से अंजलि यादव, वीरेंद्र स्वरुप एजुकेशन सेंटर पनकी से खुशी रहमान, गुलमोहर पब्लिक स्कूल से समृद्धि वर्मा, न्यू किंग्स्टन स्कूल से रुशा दास बोर्ड विनर रहीं। ओवरऑल विजेता हरमिलाप मिशन स्कूल रहा। श्रीराम पब्लिक स्कूल किदवई नगर और स्कोमिया एकेडमी दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## शिलान्यास और उद्घाटन के बाद भी बंद पड़ा तरणताल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री के शिलान्यास और मुख्यमंत्री द्वारा किए गए उद्घाटन के बाद भी नानाराव पार्क स्थित तरणताल अभी तक शुरू नहीं हो सका है। इसके विरोध में शुक्रवार को सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने बाथटब में बैठक व लेटकर प्रदर्शन किया और शहर में चार मई को आ रहे पीएम और सीएम से इसको शुरू कराने का आग्रह किया ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके।

सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने बताया कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री ने तरणताल का शिलान्यास किया था। मार्च 2023 को बनकर तैयार होने के बाद मुख्यमंत्री ने तरणताल का उद्घाटन किया था। फिर भी यह चालू नहीं हो सका है। 31 मई 2023 को जब धरना प्रदर्शन किया, तब अधिकारियों ने चालू कराने का झूठा आश्वासन दिया। 14 करोड़ रुपये की लागत से बने तरणाताल की हालत खराब होती जा रही है। तरणताल में काई जमी है। विधायक ने बताया कि बाथटब में धरने के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कानपुर आगमन पर उनका ध्यान इस तरणताल की ओर आकर्षित करना है। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर नगर आयुक्त को दिया।

अपर नगर आयुक्त ने चार मई को तरणताल चालू होने का आश्वासन दिया, जिसके बाद विधायक ने धरना खत्म किया।



तरणताल को चालू कराने के लिए बाथटब में बैठकर प्रदर्शन करते सपा विधायक अमिताभ बाजपेई। अमृत विचार

- तरणताल चालू कराने के लिए सपा विधायक ने बाथटब में बैठकर किया प्रदर्शन

## यू-डायस पर पेन नहीं तो दूसरे स्कूल में प्रवेश नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहर में लगभग दो सौ स्कूलों का यूडायस में नहीं हैं पंजीकरण, आवेदन शुरू
- पोर्टल पर पंजीकरण न होने पर छात्रों को योजनाओं का लाभ भी नहीं मिलेगा

**अमृत विचार।** यू-डायस पोर्टल पर पेन 'परमानेंट एजुकेशन नम्बर' (पेन) न होने से छात्रों को परेशानियों का सामना पड़ सकता है। शिक्षा अधिकारियों की माने तो पोर्टल पर लगभग दो सौ स्कूलों का जुड़ना बाकी है। ऐसे में विभाग की ओर से स्कूलों को पोर्टल पर पंजीकरण कराए जाने का आदेश दिया है।

यू-डायस पोर्टल पर फिलहाल जिले के 4707 स्कूल ऐसे हैं जिनका पंजीकरण पहले ही पोर्टल पर हो चुका है। इन स्कूलों में सभी बोर्ड के स्कूल शामिल हैं। शिक्षा अधिकारियों की ओर से बताया गया कि यू-डायस पोर्टल पर अब छात्र के पेन नंबर महत्वपूर्ण हो गया है। इस नंबर के न होने से छात्र विभिन्न योजनाओं से दूर हो सकता है। इसके अलावा छात्र के स्कूल छोड़ने के बाद उसके टीसी बनाए जाने में भी इस पेन नंबर की जरूरत पड़ती है। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से ऐसे स्कूलों को पोर्टल पर नंजीकरण कराए जाने के लिए आदेशित किया है जिनका अभी तक पंजीकरण नहीं है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि यू-डायस पोर्टल पर अभी तक जितने स्कूलों ने पंजीकरण नहीं कराया है वे 10 तक अपने स्कूल का पंजीकरण करा ले। यदि पंजीकरण न कराए जाने के बाद एक भी छात्र को परेशानी होती है तो स्कूल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---

**चुनाव की तैयारी** — सरसैयाघाट वेयर हाउस से विधानसभावार ईवीएम गल्लामंडी भेजी गईं

# ईवीएम में पांच मई से लगाए जाने लगेंगे बैलेट पेपर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सरसैयाघाट स्थिल वेयर हाउस में सेकेंड रेंडमाइजेशन के बाद विधानसभावार ईवीएम नौबस्ता गल्लामंडी पहुंच गई हैं। मंडी में ईवीएम में बैलेट पेपर लगाने का काम पांच मई से शुरू हो जाएगा। ईवीएम की कमीशनिंग (चालू करके देखना) की प्रक्रिया मंडी में तीन-चार दिन चलेगी। कानपुर और अकबरपुर सीट पर चौथे चरण का मतदान 13 मई को है। उससे एक दिन पहले 12 मई को ईवीएम विधानसभावार बूथों के लिए रवाना होंगी।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक व प्रशिक्षण सुधीर कुमार ने बताया कि गल्ला मंडी में ईवीएम की कमीशनिंग की प्रक्रिया एक-दो दिन में प्रारंभ हो जाएगी।

प्रक्रिया के दौरान सभी विधानसभाओं के रिटर्निंग ऑफिसर मौजूद रहेंगे। ईवीएम की कमीशनिंग प्रक्रिया दो से तीन दिन तक चलेगी। कमीशनिंग के दौरान सभी मतदान केंद्रों में जाने वाली ईवीएम में बैलेट पेपर लगाए जाएंगे। सीयू में पिंक पेपर सील लगाई गई। पिंक पेपर सील पर इंजीनियर के हस्ताक्षर होंगे। प्रत्याशी सेट करते समय सीयू, बीयू और वीवीपैट को जोड़ा जाएगा।

इसके बाद मॉक पोल कर सत्यता की जांच की जाएगी। सीलिंग प्रक्रिया के दौरान सीयू के स्विच को ऑफ रखा जाएगा। वीवीपैट में थर्मल पेपर रोल लगेगा। ईवीएम, बीयू, सीयू, बैटरी नंबर रजिस्टर में दर्ज होंगे। कमीशनिंग के दौरान इंजीनियर की मौजूदगी अनिवार्य होगी।




#### आठ मई तक बंट जाएंगी मतदान पर्चियां

**कानपुर।** कानपुर व अकबरपुर सीट पर 13 मई को होने वाले चुनाव के लिए मतदाताओं को मतदान पर्चियां मिलना शुरू हो गईं हैं। आयोग के निर्देशानुसार इस बार मतदाताओं को पांच दिन पहले ही मतदाता पर्चियां उपलब्ध करा दी जाएंगी। इसी को देखते बीएलओ ने पर्चियां बांटनी शुरू कर दी हैं। हालांकि अभी कई विधानसभाओं में पर्चियां नहीं पहुंच सकी हैं, लेकिन जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता पर्ची बांटने के लिए सात मई तक की डेडलाइन निर्धारित की है।

- 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाता : 1083
- दिव्यांग मतदाता : 647
- कोरोना संक्रमित मतदाता : 00
- आवश्यक सेवा के मतदाता : 450
- घर–घर मतदान कराने वाली पोलिंग पार्टियां : 68

## छोटी-छोटी बचत लेती हैं बड़ा रूप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बचत करने का सबसे बेहतर तरीका है कि छोटी-छोटी बचत को बड़ी बचत के रूप में बदला जाए। अचानक से बड़ी बचत करने से कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इससे कई बार बड़ी बजत खंडित भी हो सकती है। इसलिए बड़ी बचत के लिए छोटी-छोटी लेकिन लगातार बचत करते रहना चाहिए।

यह विचार शुक्रवार को वीएसएसडी कॉलेज के वाणिज्य संकाय की ओर से हुई संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने व्यक्त किए। 'वित्तीय साक्षरता' विषय पर हुई संगोष्ठी में मुख्य अतिथि सीए प्रदीप गोयनका ने कहा कि जीवन में कर्म योग का बहुत महत्व है। उन्होंने कौटिल्य अर्थशास्त्र का उदाहरण देते हुए बताया कि वित्तीय सफलता के लिए ज्ञान से अधिक विवेक का महत्व होता है। महाविद्यालय प्रबंधक समिति की संयुक्त सचिव सीए नीतू सिंह ने जीवन में छोटी बचत का महत्व समझाया।



'वित्तीय साक्षरता' विषय पर हुई संगोष्ठी में शामिल विशेषज्ञ। अमृत विचार

- वीएसएसडी कॉलेज में वाणिज्य संकाय की संगोष्ठी

विशिष्ट अतिथि डॉ बीएम अग्रवाल प्राचार्य प्रो बिपिन चंद्र कौशिक ने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि वित्तीय प्रबंधन के लिए वित्तीय साक्षरता जरूरी है। संगोष्ठी के दौरान एसपीएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड व टैलेंट डेवलपमेंट काउंसिल दो संस्थाओं के साथ महाविद्यालय ने समझौता ज्ञापन भी साइन किया।

संकाय अध्यक्ष प्रो मनोज अवस्थी, संयोजक डॉ ओपी जायसवाल, दिलीप कुमार, ध्रुव चंद्र डॉ.डीसी गुप्ता, प्रो संजीव शुक्ला, प्रो बीके दीक्षित, प्रो पंकज पांडे, डॉ अजय शुक्ला, डॉ रश्मि गुप्ता, डॉ अभिषेक कुमार, जेपी यादव, प्रो एबी जायसवाल, प्रो राकेश शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।

# ट्रैक पर फेल न हों इंजन, ऐसी तकनीक लाएं

## रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य ने निरीक्षण कर दिए निर्देश, आईआईटी पहुंचकर विशेषज्ञों से आधुनिक तकनीक पर की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


लोको शेड में अफसरों से बात करते रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य वीपी सिंह।

**अमृत विचार।** रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य वीपी सिंह शुक्रवार को सेंट्रल स्टेशन पहुंचे। अधिकारियों से मुलाकात के बाद फजलगंज पहुंचकर इलेक्ट्रिक लोको शेड निरीक्षण किया। यहां विद्युत अभियंताओं से कार्यशैली को समझा। जिम्मेदारों से कहा कि रेलवे ट्रैक पर तकनीकी खामियों से इंजन (लोको) फेल होने की घटनाएं कम हों, इसके लिए नई तकनीक खोजी जाए। साथ ही इलेक्ट्रिक लोको शेड की क्षमता बढ़ाने के लिए दो नई निरीक्षण पिट का शिलान्यास किया।

फजलगंज स्थित इलेक्ट्रिक लोको शेड में बेहतरीन कार्यशैली पर अतिरिक्त सदस्य वीपी सिंह अफसरों की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि बीते दिनों ही कानपुर शेड ने यात्री ट्रेन के लोको केबिन में यूरिनल की डिजाइन बनाकर मॉडल पेश किया है। यह बहुत ही सराहनीय काम है। इलेक्ट्रिक लोको शेड में हर माह डेढ़ सौ से अधिक इंजनों का मेंटीनेंस होता है। इसलिए तकनीकी समझना बहुत जरूरी है। ट्रैक पर फेल होने वाले इंजनों की खामियों को समझे। जिसकी वजह से इंजन फेल होते हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इंजन फेल होने से संचालन बाधित होता है। इससे रेलवे के समय पालन का दावा भी गलत साबित हो जाता है। इन खामियों का बार-बार सामने आना ठीक नहीं है। इस पर काम करना बेहद जरूरी है। जरूरत पड़ने पर नई तकनीकी को भी खोजें। लोको शेड से निकलने के बाद देरशाम आईआईटी पहुंचकर उन्होंने विशेषज्ञों से इस मुद्दे पर चर्चा की भी की।

### शेड के कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य वीपी सिंह के आगमन पर एनसीआरईएस शाखा के विधुत लोको शेड, टीएम शेड, मेमो कार शेड की ओर से उनका स्वागत किया गया। कर्मचारियों की समस्याओं से बारे में उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिसमें लोको शेड, टीएम शेड को समाहित कर पीओएच वर्कशाप घोषित करने की मांग की गई। कर्मचारियों को पदोन्नति करने व बेहतर आवास आवंटित किए जाने को कहा। वर्दी भत्ता 5000 से 10,000 करने की मांग की। इस पर उन्होंने मामले को रेलवे बोर्ड उठाने की बात कही। इस मौके पर शाखा के अध्यक्ष व महामंत्री आदि मौजूद रहे।


महानंदा रुकने से यात्री परेशान। अमृत विचार

## महानंदा की कपलिंग टूटी, यात्रियों का हंगामा

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर महानंदा एक्सप्रेस के एस-वन कोच की कपलिंग टूटने से भीषण गर्मी में यात्री बेहाल हो गए। परेशान यात्रियों की टीटी से झड़प हुई और हंगामा भी किया। खबर पाकर पहुंचे रेलवे अफसरों ने कोच बदलकर ट्रेन को रवाना किया, लेकिन इस बीच यात्रियों को करीब एक घंटा स्टेशन पर बिताना पड़ा।

महानंदा एक्सप्रेस शुक्रवार को अलीपुरद्वार जंक्शन से दिल्ली जा रही थी। दोपहर करीब एक बजे ट्रेन सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची। इसी बीच एस-वन कोच की कपलिंग टूट गई। इससे यात्रियों को अनेकों परेशानियों का सामना करना पड़ा। गर्मी से बेहाल यात्रियों की प्लेटफार्म पर टीटी से जमकर झड़प हुई। इसके बाद कुछ यात्री ट्रेन से उतरकर प्लेटफार्म छह पर आई सीमांचल एक्सप्रेस में चढ़कर रवाना हो गए। घटना की खबर पाकर रेलवे अफसर मौके पर पहुंचे और महानंदा का कोच बदलवाकर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया। इस दौरान करीब एक घंटे यात्रियों को सेंट्रल स्टेशन पर बिताना पड़ा।

## शादी का झांसा देकर किया रेप

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ चार साल तक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने पीड़िता से गाली गलौज कर मारपीट की। आरोप है कि प्रेमी के परिजनों को आपबीती बताने पर उन्होंने सोशल मीडिया पर फोटो, वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। पीड़ित ने चार आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई।

नौबस्ता थानाक्षेत्र निवासी युवती ने बताया कि दलनपुर निवासी सूरज राजपूत के उसके चार साल से प्रेम संबंध थे, जिसकी जानकारी सूरज की बहन सीता व उसके जीजा उमेश को थी। बताया कि सूरज के परिजनों ने उसकी शादी कराने का आश्वासन दिया था। इस दौरान सूरज ने उसके साथ कई बाद शारीरिक संबंध बनाए। शादी का दबाव बनाने पर सूरज ने मारपीट की। सूरज के परिजनों ने फोटो, वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। नौबस्ता थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप


संस्थान के निदेशक डॉ. मनीष सक्सेना व डॉ. नेहा सक्सेना ने स्टाफ को उपहार दिए।

### कार्तिक नेत्रालय ने मनाया आठवां वार्षिकोत्सव

**कानपुर।** वीआईपी रोड में स्थित शंकर कार्तिक नेत्रालय ने शुक्रवार को आठवां वर्ष पूरा होने पर वार्षिकोत्सव मनाया। संस्थान के निदेशक डॉ. मनीष सक्सेना व डॉ. नेहा सक्सेना ने स्टाफ को उपहार देकर संबोधित किया। डॉ. मनीष सक्सेना ने बताया कि समय-समय पर नि:शुल्क कैंप आयोजित किए जाते है। अस्पताल का प्रयास गरीबों और बुजुर्गों की मदद करना है। डॉ.नेहा सक्सेना ने बताया कि शंकर कार्तिक नेत्रालय में विशेष तौर पर कैटरेक्ट, लेसिक, ग्लूकोमा, रेटिना आदि आंखों की बिमारियों का इलाज अनुभवी डॉक्टर व स्टाफ की देखरेख में अत्याधुनिक मशीनों से किया जाता है। यहां टीपीए, आयुष्मान, सीजीएचएस व हेल्थ इंश्योरेंस की सुविधाएं भी दी जा रही है। इस दौरान डॉ.मनीष त्रिवेदी, डॉ.लोकेश अरोरा, डॉ.आशीष श्रीवास्तव, डॉ.रितू व डॉ. सोनिया दमेले आदि लोग मौजूद रहे।

### श्रीराम कथा में रावण वध का प्रसंग सुनाया

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के बैरी गांव में साप्ताहिक श्री राम कथा का आयोजन एक सप्ताह से अनवरत चल रहा था अंतिम व सप्तम दिवस की कथा में आचार्य ने रावण वध की कथा व लंका विजय के पश्चात माता सीता सहित पुष्पक विमान द्वारा अयोध्या लौटने व भगवान राम का राज्याभिषेक आदि कथा के प्रसंग सुनाये। कथा व्यास पंडित अवधेश नारायण अवस्थी ने अपने श्री मुख से श्रद्धालुओं को भक्ति रसमई कथा का रसपान कराया श्री राम कथा में प्रभु राम की जन्म से लेकर उनकी बाल लीलाओं का वर्णन किया। गुरु विश्वामित्र के साथ शिक्षा ग्रहण करने, ताड़का वध, राम सीता का विवाह व वनवास की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्तिभाव से भर दिया। सीता हरण खर व दूषण बध एवं राम रावण युद्ध के बाद रावण के वध की कथा व लंका विजय के पश्चात अयोध्या लौटने पर भगवान राम का राज्याभिषेक आदि की कथा भी सुनाई। प्रमुख आयोजक कुलदीप कटियार अरविंद कटियार अखिलेश कटियार आदि ने बताया कि शनिवार को हवन व भंडारा होगा


पं. अवधेश नारायण।

### टोल प्लाजा पर लगाया नेत्र शिविर

**बिल्हौर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के तत्वाधान में पीएनसी इंफ्राटेक ने नेवादा टोल प्लाजा शिवराजपुर पर शंकरा आई हॉस्पिटल के तत्वावधान मे नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत जागरूकता अभियान भी चलाया गया। जिसमें वाहन स्वामियों को सड़क नियमों से संबंधित जानकारी दी गई और सुरक्षा पोस्टर वितरित किए गए। एनएचएआई परियोजना निदेशक प्रशांत दुबे, मैनेजर टेक अजय सिंह, अमन मित्तल, राजकुमार वर्मा, पीएनसी से बीके सिंह, गुंजन सिंह प्रोजेक्ट इंचार्ज, निखिल शर्मा मानव संसाधन अधिकारी, डॉ. सुनील सचान, भीमसेन पाढ़ी, विश्वतोष कुमार पांडे, मधुकांत त्रिपाठी, अनुराग सिंह नेगी, नमन अग्रवाल एवं शंकरा आई हॉस्पिटल से डॉक्टर प्रियाल व पुनीत सिंह आदि रहे। शिविर 60 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया।

### बोलेरो खंती में पलटी, एक बच्चे सहित दस घायल

**घाटमपुर।** राहा मोड़ के पास बारातियों को लेकर जा रही तेज़ रफ़्तार बोलेरो सामने से आई ट्रैक्टर-ट्राली को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पानी से भरी खंती में जा पलटी। हादसे में एक बच्चे समेत दस लोग घायल हो गए। वहीं खंती में पानी कम होने के चलते बड़ा हादसा होने से टल गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची घाटमपुर पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। निबियाखेड़ा निवासी अख्तर ने बताया कि वह बोलेरो से गांव से बारात लेकर रनियां जा रहा था। घाटमपुर थाना क्षेत्र के राहा मोड़ के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को बचाने में बोलेरो अनियंत्रित होकर खाई मंन जा पलटी। हादसे में बोलेरो सवार नशीमा, गुलाम, अफसर, दरस्का, आश्का, मो शहनवाज खान, इनाया, करीना, रसीद उर्फ भूरा, हसीना घायल हो गए। एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया की घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। ट्रैक्टर-ट्रॉली पुलिस के कब्जे में ले लिया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कार्यवाही की जाएगी।

### तीन बच्चों को घर पर छोड़ कर विवाहिता लापता

**बिधनू।** कड़री चंपतपुर गांव में बीती 23 अप्रैल को एक विवाहिता तीन बच्चों को घर पर छोड़कर संदिग्ध हालत में लापता हो थी। पिता ने ससुरालीजनों पर आरोप लगाते हुए अनहोनी की आशंका जताई है। कड़री चंपतपुर निवासी किसान संतोष अग्निहोत्री के बेटे कमल का विवाह 2017 में फतेहपुर चांदपुर बुजुर्ग गांव निवासी नरेंद्र तिवारी की बेटी शौम्या से हुआ था। आरोप है कि एक साल से ससुरालीजन बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। बीती 23 अप्रैल को शौम्या एक बेटी और दो बेटों को घर पर छोड़कर अचानक लापता हो गई। जिसकी सूचना ससुरालीजनों ने एक दिन बाद उन्हें दी। जिसपर 24 अप्रैल की शाम उन्होंने थाने में बेटी संग अनहोनी की आशंका जताते हुए तहरीर दी थी। थाना प्रभारी प्रेमचन्द्र के कनौजिया ने बताया कि जानकारी नहीं है।

### दूध कारोबारी के घर से लाखों की चोरी

**बिधनू।** बकौली गांव में गुरुवार देर रात चोरों ने एक दूध कारोबारी के घर को निशाना बनाया। चोर छत के रास्ते जीने से उतरे और कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर नकदी समेत तीन लाख का समान चोरी कर ले गए। परिवार की सुबह नींद खुली तो घटना की जानकारी हुई। छोटी बकौली निवासी सर्वेश यादव ने बताया कि गुरुवार रात को वह परिवार समेत छत पर सो रहे थे। देर रात चोर बगल में प्लाट से छत पर आये और जीने से नीचे उतरे गए। चोरों ने बक्से के ताला तोड़कर 80 हजार रुपये और दो लाख से ज्यादा के जेवर समेट ले गए। पुलिस जांच कर रही है।

## एक नजर

### परिवार के साथ गंगा स्नान करने आया युवक डूबा

**कानपुर।** बिठूर के लक्ष्मणघाट में शुक्रवार दोपहर में गंगा स्नान करने आया सुल्तानपुर का युवक गंगा में डूब गया। सूचना पर पहुंची बिठूर पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक कों बाहर निकलवाकर निजी अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी गीता शुक्ला ने बताया की उनके पति योगेश शुक्ला परिवार के अन्य लोगों के साथ गंगा नहाने आया था। नहाते समय गहरे पानी में समां गए। चीख पुकार सुन गोताखोरों ने उसको बाहर निकाला तब तक युवक की सांसे थम चुकी थी। युवक बरसावा थाना बल्दीराय जिला सुल्तानपुर का निवासी है।

### पड़ोसी पर आग लगवाने का आरोप, रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में पड़ोसी व्यापारी पर आग लगवाने का आरोप लगाकर स्क्रैप कारोबारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। श्याम नगर निवासी स्क्रैप कारोबारी जगमोहन सिंह का कोयला नगर में स्क्रैप का गोदाम है। उन्होंने वताया कि पड़ोसी मुन्ना लाल गुप्ता का मैसर्स पूजा पंडाल डेकोरेटर के नाम से गोदाम है। वह एक प्लॉट को लेकर कई महीनों से जबरन दबाव बना रहे थे। आरोप है कि 19 अप्रैल को साजिशन उन्होंने अपने पुत्र के साथ मिलकर उनके गोदाम में आग लगा दी। जिससे उनको करीब 50 लाख रुपये का माल जलकर राख हो गया था। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने वताया कि रिपोर्ट दर्ज की है।

### दुकान को लेकर मकनपुर में विवाद

**बिल्हौर।** मकनपुर कस्बे में रातों-रात बियर की दुकान का स्थान परिवर्तन होने पर लोगों ने हंगामा कर दिया। बियर की दुकान धार्मिक स्थल के समीप किए जाने से ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि मकनपुर कस्बे में कब्रिस्तान से सटे हुए दुकान में बीयर की दुकान स्थापित कर दी गई। जबकि बगल में ही बजरंगबली का मंदिर स्थापित है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने चौकी पुलिस प्रशासन से प्रार्थना पत्र देकर दुकान का स्थान बदलवाए जाने की मांग की है।

# डूडा अधिकारी बनकर ठगने वाले दो शातिर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


प्रदीप सिंह और सनी सिंह।

- प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर सैकड़ों से की ठगी
- एसटीएफ ने रेउना थानाक्षेत्र से की गिरफ्तारी

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास दिलाने के लिए डूडा ऑफिस लखनऊ का अधिकारी बन कॉल और वाट्सएप कॉल के माध्यम से अभिलेख मंगाकर सैकड़ों लोगों से ठगी करने वाले संगठित गिरोह के दो शातिर आरोपियों को एसटीएफ ने रेउना से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से मोबाइल, आईडी, नकदी बरामद की है।

एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक विशाल विक्रम सिंह के निर्देश पर एसटीएफ मुख्यालय की साइबर टीम के निरीक्षक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम सक्रिय हुई। एसटीएफ ने थाना क्षेत्र रेउना में छापेमारी करके राम नगर निवासी प्रदीप सिंह उर्फ काला और सनी सिंह को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है। वह लोग आम आदमी के फर्जी दस्तावेजों से आईडी बनाकर सिम कार्ड खरीदते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास दिलाने के लिए डूडा ऑफिस लखनऊ का अधिकारी बनकर उन्हीं मोबाइल नंबरों से सीरियल नंबरों पर कॉल करके लोगों को अपने जाल में फंसाकर, वाट्सएप के माध्यम से उनके अभिलेख मंगाते हैं। गैंग की महिलाओं के माध्यम से उन लोगों की आईडी पर नया बैंक खाता खुलवा लेते हैं। उन बैंक खातों में एसएमएस अलर्ट मोबाइल नंबर के रूप में अपना मोबाइल नंबर डलवा देते हैं व उसी एसएमएस अलर्ट नंबर से यूपीआई आईडी बना लेते हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री आवास दिलाने के लिए लोगों से रजिस्ट्रेशन के नाम पर बैंक मैनेजर बनकर फाइल चार्ज के रूप में, फिर बैंक खाते में लो बैलेंस होने की बात कहकर रुपये फर्जी बैंक खातों में धोखे से डलवा लेते हैं। यदि ठगी का शिकार हुए व्यक्ति को शक होने पर वह अपना पैसा वापस मांगता है, तो उसको बताते हैं कि उनकी फाइल का जो खर्च आया है, वह जमा कर दो तो पैसा वापस कर दिया जाएगा। इसी तरह कई प्रकार के बहाने बताकर ठगी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। बताया कि दिन भर में चार से छह लोगों को झांसा देकर 50 से 60 हजार रुपये तक की ठगी कर लेते हैं। यह लोग लगभग 20 बैंक खातों में ठगी का पैसा मंगाते हैं, जिसको यूपीआई व एटीएम के माध्यम से तत्काल निकाल लेते हैं। टीम के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, धोखाधड़ी, आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई है। टीम के अनुसार दोनों आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन, दो कूटरचित वोटर आईडी, दो मोटरसाइकिल, 2,650 रुपये नकद बरामद हुए हैं।

### हैंड कटर से तिजोरी काटकर चोरी करने वाले गिरफ्तार

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र में एक मई को इलेक्ट्रनिक दुकान में घुसकर चोरों ने हैंड कटर मशीन से तिजोरी काटने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। कल्याणपुर थानाक्षेत्र के आवास विकास निवासी व्यापारी प्रणव चोपड़ा ने पुलिस को बताया था कि उनकी शास्त्री नगर में इलेक्ट्रनिक सामान की दुकान है। बताया था कि एक मई को रात चोरों ने चोरी की। तिजोरी कटी हुई थी। उसमें रखी नकदी गायब थी। एलईडी भी चोरी की थी। काकादेव पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी। काकादेव इंस्पेक्टर केपी गौड़ ने बताया कि कुछ ही घंटों के भीतर कैमरों की मदद से दो चोरों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए शातिरों ने अपना नाम शास्त्री नगर पाल बस्ती निवासी अमरजीत उर्फ गोलू यादव व आदर्श राजपूत उर्फ छुटकी बताया। बताया कि दोनों शातिरों ने दुकान में लगी ग्रिल से अंदर प्रवेश किया था। चोरों ने तिजोरी को हैंड कटर मशीन से काटकर लॉकर में रखे रुपयों की चोरी की थी। घटना के बाद फील्ड यूनिट को मौके से हथौड़ा, पेचकस, लॉकर के टुकड़े, व हैंड कटर बरामद हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने वहां लगे सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन से प्राप्त फोटो की पहचान के आधार पर आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों के पास से दो लाख तीस हजार रुपये बरामद हुआ है।

## हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

फालोअप

- चचेरे भाई-भतीजों ने बुजुर्ग को पीट कर मार डाला था

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार।** मझावन गांव में बीते मंगलवार दोपहर जमीन के विवाद में चचेरे भाई भतीजों ने बुजुर्ग किसान को पीट- पीट कर मार डाला था। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात समेत छह लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार को पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मझावन निवासी किसान 65 वर्षीय उमाशंकर गुप्ता का चचेरे भाइयों भोला और गोपी से जमीन का विवाद था। मंगलवार दोपहर को उमाशंकर सबमर्सिबल की बोरिंग करा रहे थे। इसी दौरान विवाद में चचेरे भाई भोला, गोपी और भतीजे नीलेश, अवधेश, अजय विजय ने गाली गलौज करते हुए उमाशंकर को लात-घूंसों से जमकर पीट दिया था। जिससे उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने बेटे गोविंद की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी भोला और विजय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी प्रेमचन्द्र कनौजिया ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## पत्नी ने प्रेमिका पर लगाया पति को जहर देने का आरोप

**बिधनू।** क्षेत्र के सिद्धार्थ नगर में प्रेमिका और विवाहित प्रेमी के बीच किसी बात को लेकर मारपीट होने लगी। गुस्से में आकर प्रेमी ने साड़ी का फंदा बना कर फांसी लगाने का प्रयास किया। इस दौरान चीख-पुकार मचने पर पड़ोसियों ने आकर युवक को अस्पताल पहुंचाया। प्रेमी की पत्नी ने युवती पर जहर देकर हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया है।

सिद्धार्थ नगर स्थित मकान मे एक सप्ताह पहले 24 वर्षीय युवती किराए का कमरा लेकर रहने आई थी। शुक्रवार सुबह कमरे में उसका कृष्ण विहार निवासी 32 वर्षीय प्रेमी युवक आया। दोनों में किसी बात को लेकर मारपीट होने लगी।

## खड़े ट्रक में लगी आग केबिन जलकर खाक

संवाददाता, बिठूर


धू-धू कर जलता ट्रक का केबिन।

**अमृत विचार।** घाटमपुर के नेयवेली पावर प्लांट में खड़े ट्रक में अचानक आग लग गई। आग देखते ही देखते आग का शोला बन गई। सूचना पर पहुंची सीआईएसएफ की दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। झारखंड निवासी ट्रक चालक मुन्ना ने बताया कि वह पावर प्लांट की मशीन लेकर झारखंड से घाटमपुर आया था। जैसे ही वह पावर प्लांट के गेट के अंदर घुसा ही था।कि तभी थोड़ी दूर पहुंचने पर अचानक केबिन जलने लगी। और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ट्रक चालक ने आग लगने की फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची सीआईएसएफ की दमकल की टीम ने आधा घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया । आग की चपेट में आने से ट्रक की केबिन जल गया।। सजेती थाना प्रभारी ब्रजमोहन ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली थी। सीआईएसएफ की दमकल ने आग पर काबू पा लिया।

## जमालपुर, नानामऊ में बनाई जाएगी सबसे बड़ी गौशाला

संवाददाता, बिल्हौर

**क्षेत्र की गौशालाएं**

| | |
|---|---|
| वृहद गौशाला | 05 |
| निर्माणाधीन | 02 |
| अस्थाई गौशाला | 130 |
| नगर निगम, पालिका, पचांयत | 05 |

**अमृत विचार।** ककवन विकास खंड क्षेत्र के ग्रामीणों को अन्ना मवेशियों से छुटकारा दिलाने के लिए कानपुर जिला प्रशासन ने दो बड़ी वृहद गौशाला बनाने का निर्णय लिया है जिसमें ककवन विकासखंड क्षेत्र के जमालपुर गांव में लगभग 400 गौवंशो को रखने के लिए वृहद गौशाला का निर्माण कार्य शुरू करा दिया है ।

इससे पहले ककवन की कई ग्राम पंचायत में अस्थाई रूप से गौशाला का संचालन हो रहा है लेकिन इस बीच ककवन बेसहारा मवेशियों की शिकायत पर जमालपुर में वृहद गौशाला का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जबकि बिल्हौर विकासखंड क्षेत्र के नानामऊ ग्राम पंचायत में भी वृहद गौशाला का निर्माण कार्य जल्दी शुरू कराया जाएगा। वृहदगौशाला बनने से हजारों गौवंशों को वहां आश्रय मिलेगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आरएन त्रिपाठी ने बताया कि सीडीओ के निर्देश पर सभी गौशालाओं में चेकअप कराया जाता है। बीमार गायों को उपचार भी कराया जाता है। जनपद में अब वृहद गौशालाओं की संख्या पांच से बढ़कर सात हो जाएगी । बुधवार को जमालपुर गौशाला पहुंचे खंड विकास अधिकारी शिव नरेश राजपूत, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ नीरज पटेल ने गौशाला का कार्य तेज कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जल्द ही बृहद गौशाला का संचालन शुरू होगा।

डॉक्टर की सलाह

संगोष्ठी में डॉक्टरों ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की भी शपथ ली

# बार-बार गर्भपात हो तो डॉक्टर से मिलें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



डॉक्टरों ने मतदान करने की शपथ ली। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर ऑब्स व गायनी सोसाइटी ने शुक्रवार को तिलक नगर स्थित एक होटल में संगोष्ठी का आयोजन किया। कलकत्ता से आए डॉ.भास्कर पाल, बनारस की डॉ. रितु खन्ना, केओजीएस की चीफ पैट्रन डॉ.मीरा अग्निहोत्री, कानपुर सोसाइटी (कॉग्स) की अध्यक्ष डॉ.कल्पना दीक्षित व सचिव डॉ.रेशमा निगम नें द्वीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद सभी डॉक्टरों ने मतदान करने और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ ली।

डॉ.भास्कर पाल ने महिलाओं में इंड्रोमेट्रियोसिस होने की वजह, इलाज और मेडिकल व सर्जिकल तकनीक की जानकारी दी। डॉ.मीरा अग्निहोत्री व डॉ.रितु खन्ना ने महिलाओं में बार-बार गर्भपात के कारण, जांच व इलाज के बारे में बताया। कहा कि 50 प्रतिशत केसों में कोई कारण स्पष्ट नहीं होता है। इसलिए एक बार गर्भपात होने पर डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए। इस दौरान डॉ. रीता मित्तल, डॉ. किरन पाण्डेय, डॉ.किरन सिन्हा, डॉ.कंचन शर्मा, डॉ.रेशमा निगम, डॉ.नीना गुप्ता, डॉ.सीमा द्विवेदी, डॉ.शैली अग्रवाल, डॉ.रेनू सिंह गहलोट, डॉ.संगीता आर्या, डॉ.नीलम मिश्रा, डॉ.विनीता अवस्थी व डॉ.रमीत अहूजा आदि डॉक्टर मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान में उन्नाव का प्रदेश में आया 9वां स्थान

## एक से 30 अप्रैल तक डीएम व सीडीओ के मार्गदर्शन में चलाया गया अभियान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित करने में जिले को मंडल में प्रथम, जबकि प्रदेश में नौवां स्थान मिला है। सीएमओ डा. सत्य प्रकाश के अनुसार, यह सफलता डीएम गौरांग राठी व सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा के कुशल मार्गदर्शन से मिल सकी है।



अभियान के तहत घर-घर जाकर आभा आईडी बनाने का काम करतीं आशाएं।

सीएमओ ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत एक से 30 अप्रैल तक आशाओं ने घर-घर जाकर 5 लाख 97 हजार 559 लोगों के आभा आईडी बनाए हैं। 3,620 स्थानों को साफ-सफाई कराई गई और 62 स्थानों पर मच्छरों के लार्वा पर निरोधात्मक उपाय कराए। 850 लोगों की स्क्रीनिग कराई गई। इसमें मलेरिया की 759, डेंगू की 63, चिकुनगुनिया की 12, टायफाइड के चार, कुष्ठ व टीबी के एक-एक रोग के 01 सैंपल शामिल किए गए, लेकिन सभी की जांच निगेटिव मिलीं। फ्रंट लाइन वर्कर्स ने 1389 वीएचएसएससी, 2989 मातृ बैठकें व 1816 वीएचएनडी बैठकें की गईं। शुद्ध पेयजल के प्रति लोगों को जागरूक कर 5,330 क्लोरिनेशन डेमो किए गए। संबंधित विभागों को डीएम व सीडीओ के मार्गदर्शन में तैयार माइक्रो प्लान की जानकारी दी गई।

पंचायती राज व ग्राम्य विकास ने संक्रमण रोकने के लिए 1235 स्थानों पर झाड़ी कटान और 1037 हैंडपंपों के प्लेटफार्म रिपयेर कराए । शुद्ध पानी के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। 1037 ग्राम पंचायतो में फॉगिंग कराई गई।

वहीं पशुपालन विभाग ने 504 सूकर पालकों का संवेदीकरण का कार्य कराया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने 141 कुपोषित बच्चों को इलाज के लिए संदर्भित किया। शिक्षा विभाग ने 2709 प्राथमिक व 407 माध्यमिक विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए। इसी तरह दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी कराया गया। कृषि व सिंचाई विभाग ने 226 संवेदीकरण बैठकें आयोजित कर लोगों को चूहा-छछुंदर से होने वाली बीमारियों के विषय में बताया। वहीं उद्यान विभाग ने 1800 मच्छर विकर्षी पौधों का रोपण कराया। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. जेआर सिंह ने सहयोगी संबंधित विभागों द्वार लक्ष्य को शतप्रतिशत पूर्ण करने के प्रति आभार जताया।

वहीं जिला मलेरिया अधिकारी डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि 6, 22,019 फ्रंट लाइन वर्कर्स ने बुखार रोगियों के आंकड़े जुटाकर एएनएम के माध्यम से ब्लाक मुख्यालयों को उपलब्ध कराए।

## ई-रिक्शा चालक ने जहर खाकर की आत्महत्या

**बिछिया उन्नाव।** दही थानाक्षेत्र के इछौली गांव निवासी एक युवक ने बीती गुरुवार शाम जहरीला पदार्थ निगल कर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों में चर्चा है कि पत्नी से चल रहे मुकदमे की वजह से वह तनाव में रहता था।

इछौली गांव निवासी दीपक (25) पुत्र कमलेश साहू ई-रिक्शा चलाता था। गुरुवार देर शाम जब ई-रिक्शा चलाकर लौटा तो रोज की तरह नित्यकर्म के लिए खेत गया था। काफ़ी समय तक तब वह वापस नहीं आया तो मां शिवकुमारी ने फोन किया। इस पर उसने बताया कि उसने कोई टेबलेट खा ली है और अब वह बचेगा नहीं। इसके बाद गांव के बाहर एक पुलिया के पास वह पड़ा मिला। परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए। जहां कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। इस पर पिता ने जमा किये गए 10 हजार रुपये वापस मांगे तो अस्पताल स्टाफ ने मना कर दिया। इस पर परिजन हंगामा करने लगे। एक घंटे तक चले हंगामे के बाद जब अस्पताल स्टाफ ने रुपये लौटाए तो परिजन वहां से शव लेकर गए।

## लेखपाल से कहो दो.. दे दे, बाद में शासन से दिलवा देंगे...

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- जिले के एक विधायक का ऑडियो हुआ वायरल

**अमृत विचार।** जिले के एक विधायक का शुक्रवार की ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें विधायक दूसरी ओर से बात करने वाले से कह रहे हैं कि लेखपाल से कहो कि दो.. दे दे। हम बाद में शासन से एडजस्ट करवा देंगे। सामने वाला दो नहीं एक देने की बात कहता है तो विधायक कहते हैं की पचास अपने खाते में करवा लो। यह वायरल ऑडियो शुक्रवार को जिले में चर्चा का विषय बना रहा। वहीं विपक्षी इसे लेकर तरह तरह की बातें करते रहे। हालांकि, अमृत विचार ऐसे किसी ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है।

शुक्रवार दोपहर सोशल मीडिया में एक ऑडियो वायरल हुआ। जिसमें एक व्यक्ति बात करते हुए सामने वाले को विधायक जी कह रहा था। बात करने पर विधायक ने लेखपाल का नाम लेते हुए कहा की उससे दो.. ले लो। इस पर सामने वाले ने दो की जगह एक पर राजी होने की बात कही। इस पर विधायक ने कहा कि पचास तुम अपने खाते में करवा लो। ऑडियो वायरल होने के बाद से जिले भर में चर्चा का विषय बना रहा। आमजन जहां विधायक पर गंभीर आरोप लगाते रहे। वहीं विपक्षी इस पर चुटकी ले रहे।

### अधिवक्ताओं ने लोकसभा चुनाव बहिष्कार की छेड़ी मुहिम

**हसनगंज।** क्षेत्र के अधिवक्ताओं ने हसनगंज तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। तहसील मुख्यालय से लेकर कई जगह आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का बैनर लगा दिया है। पूर्व में प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा किसी प्रकार का आश्वासन न मिलने से अधिवक्ताओं में काफी रोष है। अधिवक्ताओं ने 2 दिन रजिस्ट्री कार्यालय का बहिष्कार किया था। तभी से तहसील की सभी कोर्ट में कार्य बहिष्कार चल रहा है। बार महामंत्री राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में अधिवक्ता सुधीर सिंह व अखिलेश यादव के खिलाफ नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी के द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालने व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जबकि अधिवक्ताओ का कहना है कि नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी से कोई बात नहीं हुई थी। अधिवक्ताओं ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार का पोस्टर तहसील में लगा दिया है।

## कुत्ते को लेकर हुई मारपीट में चले पत्थर, कई घायल

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सीताराम कॉलोनी में कुत्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मारपीट के दौरान ईंट पत्थर चले। जिससे दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई। दोनों एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

सीताराम कॉलोनी निवासी दिनेश गुप्ता और रेनू सैनी के बीच कुत्तों को लेकर विवाद हो गया। रेनू का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने छतों से ईंट पत्थर चला दिये। इससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। पत्थर लगने से परिवार के दिनेश और धीरू को गंभीर चोटें आई। जिन्हें अस्पताल भेजा गया। वहीं दूसरे पक्ष ने भी मारपीट करने का आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर दी है। दोनों पक्षों में मारपीट होने से कई लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने दिनेश गुप्ता की तहरीर पर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं दूसरे पक्ष से रेनू ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के हवाले कार्यालय

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- चुनाव की वजह से विभागों में नहीं आ रहे अधिकारी
- लोगों से चुनाव बाद आने के लिए कहा जा रहा

**अमृत विचार।** सरकारी अमले की चुनावी व्यस्तताओं के चलते विभागीय कार्यालयों में अफसरों व कर्मियों की उपलब्धता नगण्य रहती है। इससे समस्याओं व शिकायतों का निस्तारण कराने आने वालों को मायूसी हाथ लग रही है। क्योंकि मौजूद स्टाफ उन्हें चुनाव बाद आने की सलाह देकर बैरंग लौटा रहा है।



बीएसए कार्यालय में बाबू की कुर्सी पर बैठे चतुर्थ श्रेणी कर्मी।

संसदीय सीट पर लोकसभा चुनाव की मतदान तिथि के बीच अब 10 दिन भी शेष नहीं हैं। वैसे मतदान पार्टियां एक दिन पहले 12 मई को सुबह से ही रवाना की जाने लगेंगी। इसीलिए जिले में तैनात प्रेक्षक जहां अपने दायित्व निर्वहन में व्यस्त हैं। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) गौरांग राठी मातहतों सहित सकुशल निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दिला रहे हैं। वैसे तो तमाम मतदान कार्मिक उन्हीं के लिए कर्तव्य पालन कर रहे हैं, लेकिन कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना व उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह सबसे अधिक भरोसेमंद के तौर पर दायित्व निर्वहन कर रहे हैं। मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के चलते शिक्षक-शिक्षिकाएं ही नहीं राज्य व बैंक कर्मचारी भी सीटों से गायब मिलते हैं। विभिन्न विभागीय कार्यालयों में तो कभी-कभी बाबुओं की सभी सीट खाली पड़ी दिखती हैं या चतुर्थ श्रेणी, संविदाकर्मी व आउटसोर्स के जरिए कामकाज निपटाने वाला स्टाफ बाबुओं की सीट पर आराम फरमा दिखते हैं। कार्यालयों में उपलब्ध मिलने वाला स्टाफ सभी को चुनाव बाद आने की सलाह सहित वापस लौटाते हैं।

## ढाई किलो गांजा समेत दो महिलाएं गिरफ्तार

**चकलवंशी।** माखी पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके पास से ढाई किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने नशीला पदार्थ बेचने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है।

इन दिनों धड़ल्ले से नशीले पदार्थों की बिक्री हो रही है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रऊकरना निवासी आशा पत्नी मिठाई लाल को रऊकरना पुलिया के पास से पकड़ा उसके पास 1.200 किलो गांजा बरामद हुआ। इसी तरह अकबरपुर दबौली निवासी रूपा पत्नी भानू नट भूमेशवर मंदिर के पास संदिग्ध परिस्थिति में खड़ी थी। गस्त कर रही पुलिस ने उसे पकड़ा और उसके पास से 1.300 किलो गांजा बरामद किया। एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि दोनों महिलाओं पर एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की गई है।

## चलती बस में लगी आग, यात्री कूद कर बचे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- देखते ही देखते आग का गोला बन गई रोडवेज बस
- लखनऊ-कानपुर हाईवे पर मची अफरा-तफरी

**अमृत विचार।** लखनऊ से कानपुर जा रही परिवहन विभाग की जनरथ बस में अचानक धुआं उठता देख यात्रियों में हड़कंप मच गया। चालक ने बस को किनारे लगाया और यात्रियों को नीचे उतारा। यात्री बस में आग लगने की जानकारी से अग्नि शमन विभाग की गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास तेज किये। लेकिन, तब तक बस पूरी तरह से आग का गोला बन चुकी थी। यात्रियों को दूसरी बस से गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

बता दें कि किदवई नगर डिपो की जनरथ बस शुक्रवार दोपहर लखनऊ से 32 सवारियां लेकर कानपुर जा रही थी। अचलगंज थानांतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे पर गहिरा गांव के पास बस के



धू-धूकर जलती रोडवेज बस।

इंजन के हिस्से से अचानक धुआं उठने लगा।

यह देख कानपुर नगर के तिवारीपुर निवासी चालक राजकिशोर ने बस हाईवे किनारे लगाई और परिचालक अभिषेक शर्मा से सभी सवारियों को उतारने के लिए कहा। आग लगने की सूचना पर यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

यात्रियों के नीचे उतरने के कुछ ही देर बाद बस आग का गोला बन गई। इस देख यात्री दहशत में आ गए। सूचना पर अचलगंज एसओ संजीव कुशवाहा व सीएफओ दमकल के साथ मौके पर पहुंचे। यात्रियों को सुरक्षित देख सभी ने राहत की सांस ली। जल रही बस के पास से गुजर रहे वाहनों को संकेतांक लगाकर निकलवाया गया।

दमकल कर्मियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनूप सिंह ने बताया कि गर्मी में इंजन हीट होने से शार्टसर्किट हुआ और बस में आग लग गई। आग सीट के फॉम तक पहुंच गई। जिससे उसने विकराल रूप ले लिया। बताया कि सभी सवारियां सुरक्षित हैं।


### शिक्षकों से भरी वैन खंती में गिरी, कई घायल

**फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र के तकिया-हुलासी कुआं मार्ग स्थित रज्जाकपुर गांव के मोड़ के पास शिक्षकों को छोड़ने जा रही वैन अनियंत्रित होकर खंती में जा गिरी। वैन के खंती में गिरने से कानपुर निवासी शिक्षिका आकांक्षा, नीलू और जितेंद्र गंभीर घायल हो गए। वहीं वैन चालक रोहित निवासी विधनू कानपुर को भी चोटे आई हैं। आसपास के लोगों ने शिक्षकों को बाहर निकाला और निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि मौके पर पहुंचकर जांच की गई।

## चोरों ने दो घरों से पार की नकदी और जेवर

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत गुरुवार रात चोर अलग-अलग गावों में दो घरों को निशाना बनाते हुए छत के रास्ते घर में दाखिल हुए। वहां से चोरों ने साढ़े तीन लाख की नकदी व लाखों के जेवर पार कर दिये। सुबह जानकारी होने पर गृह स्वामियों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर लौट आई।



चोरी के बाद बिखरा सामान।

गोकुलखेड़ा गांव निवासी रामपाल पुत्र रामेश्वर गुरुवार देरशाम खाना खाने के बाद घर के बाहर बरामदे में व अन्य सदस्य अपने कमरे में सो गए। तभी चोर मौका पाकर घर के पीछे से छत पर चढ़कर जीने के रास्ते से दाखिल हुए और अलमारी का लाकर तोड़कर 40 हजार नकद सहित दो लाख के जेवर पार कर ले गए। पीड़ित के मुताबिक चोर झुमकी, हार, मगलसूत्र सहित अन्य जेवर बटोर ले गए। सोकर उठने पर सामान बिखरा देख उसे चोरी की जानकारी हुई।

इसी क्रम में बिचपरी गांव निवासी रामकुमार के घर गुरुवार रात को ही छत के रास्ते नीचे पहुंचे चोर एक कमरे में आलमारी का ताला तोड़कर जेवर व तीन लाख नकद उठा ले गये। अन्य कमरों में सो रहे परिजनों को भनक तक नहीं लगी। सुबह ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए।

## बैलेट पेपर चस्पा करने को ईवीएम रवाना

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बैलेट पेपर चस्पा कराने को जिला निर्वाचन कार्यालय से शुक्रवार को ईवीएम रवाना की गईं। इस दौरान शहर के बड़ा चौराहा ओवरब्रिज पर आवागमन बंद रखा गया। इससे सिविल लाइंस क्षेत्र के लोगों को चक्कर काटकर हरदोई ओवर ब्रिज से आवागमन करने को मजबूर होना पड़ा। कलक्ट्रेट रोड पर जाम की समस्या बनी रही।

लोकसभा चुनाव में प्रयोग होने वाली ईवीएम (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) अब तक जिला निर्वाचन कार्यालय में रखी थीं। दिन बीतने के साथ पोलिंग पार्टियों को रवाना करने की तारीख निकट आ रही है। इसके चलते जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने ईवीएम पर बैलेट पेपर चस्पा कराने के निर्देश ही नहीं दिए बल्कि, जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित अपने कक्ष में बैठकर ईवीएम रवाना भी कराईं। ईवीएम ले जाने को लगे वाहन जगह की कमी के



जिला निर्वाचन कार्यालय में वाहन पर लोड की जाती ईवीएम। अमृत विचार

- जिला निर्वाचन कार्यालय से ईवीएम भेजने के लिये बंद रहा कचहरी पुल पर आवागमन

चलते निर्वाचन कार्यालय के अंदर नहीं जा सकते थे। इसलिए सिविल लाइंस क्षेत्र को बड़ा चौराहा से जोड़ने वाले पुल का आवागमन बंद रखा गया। जिससे वाहन सवारों को पुराने पुल होकर जाना पड़ा। पुलिस ने आवागमन रोकने के लिए जहां बड़ा चौराहा की ओर बैरिकेडिंग लगाई थी वहीं, एसपी आफिस की ओर भी बैरिकेडिंग की गई थी। जिससे एसपी आफिस चौराहा को कलक्ट्रेट से जोड़ने वाले मार्ग पर जाम लगता रहा। इसी तरह एसपी आफिस से कब्बाखेड़ा जाने वाले मार्ग पर भी लोगों को परेशान होना पड़ा। लोगों का कहना था कि ईवीएम रवाना करना पहले से तय था तो डायवर्जन की पूर्व सूचना देनी चाहिए थी। इससे लोग जाम में फंसने से बच सकते थे।

## शादी का झांसा देकर एक साल तक किया दुष्कर्म

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- विरोध करने पर बनाया गया वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल करने की धमकी दी

**अमृत विचार।** असोहा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को शादी का झांसी देकर युवक करीब एक साल से दुष्कर्म करता रहा। इसी दौरान उसने किशोरी का अश्लील वीडियो बना लिया और किसी को बताने पर इसे इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। पीड़ित पिता ने इसकी शिकायत एसपी से की। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

असोहा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने एसपी को तहरीर देकर बताया कि क्षेत्र के गांव भवानीखेड़ा निवासी गौरव उसके घर पर आता जाता था। गौरव उसकी नाबालिक बेटी से मिलने लगा। गौरव शादी का झांसा देकर एक वर्ष से बेटी का शारीरिक शोषण कर रहा था। बीती 11 अप्रैल को बेटी क्षेत्र के ही एक स्कूल से घर आ रही थी तभी गौरव उसे अपने साथ बाग में ले गया और उससे दुष्कर्म किया। इसी बीच उसने एक अश्लील वीडियो भी बना लिया। जिसे किसी को बताने पर इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। बेटी घर पहुंची तो काफी उदास थी। जब उससे इसका कारण पूछा गया तो उसने पूरी बात बताई। इसके बाद उसने असोहा पुलिस से इसकी शिकायत की लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने असोहा पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसओ रामऔतार ने बताया कि एसपी के निर्देश रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

## विवाहिता की अचानक बिगड़ी हालत, मौत

**गंजमुरादाबाद।** एक महिला को अचानक उल्टियां होने पर परिजन उसे लेकर बांगरमऊ सीएचसी पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर चले गए।

कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव रघुराम पुर निवास सावित्री (26) पत्नी विपिन बीते कई दिनों से बुखार से पीड़ित थी और उसका इलाज चल रहा था। शुक्रवार दोपहर बाद अचानक उसे उल्टियां होने लगीं। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। यह देख परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए।

जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन पुलिस को सूचना दिए बिना शव लेकर घर चले गए। महिला की अचानक मौत को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं रहीं। उसका चार वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। महिला की अचानक मौत से उसके तीन अबोध बच्चे अनाथ हो गए।

**चुनावी चकचक** कटरी क्षेत्र में बारिश के दौरान बहे मार्गों की नहीं हुई मरम्मत, फसलों को पहुंची क्षति का भी नहीं मिल सका है मुआवजा

# सरकार चाहे कउनिव होये कटरी वालेन का भला नाही

कुलदीप शुक्ला, फतेहपुर चौरासी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीख नजदीक आने के साथ राजनैतिक सरगर्मियां दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं। प्रत्याशियों की ओर से मतदाताओं को लुभाने के लिए विभिन्न हथकंडे भी अपनाए जा रहे हैं लेकिन, बाढ़ में बहे मार्ग अब तक दुरस्त नहीं हो सके हैं और किसानों को उनकी फसलों के हुए नुकसान का मुआवजा भी नहीं मिल सका है। इसे लेकर ग्रामीणों में एक ओर जहां सत्ता पक्ष के प्रति नाराजगी है तो वहीं विपक्ष द्वारा जनहित के लिए दबाव न बनाने को लेकर भी रोष है। लोग यही करते दिख रहे हैं कि सरकार चाहे कउनिव होये कटरी वालेन का भला कोऊ नहीं करत है.



एक साल पूर्व बाढ़ में कटा संपर्क मार्ग। अमृत विचार

बता दें कि बीते वर्ष आई बाढ़ में मन्ना नगरी व जाजामऊ ऐहतमाली गांव को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग कट गए थे। ग्राम पंचायत की ओर से मिट्टी भरान कराकर मार्ग को तत्कालिक रूप से आवागमन में इस्तेमाल के लायक बनवा दिया गया था। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि बाढ़ में बही सड़क पीडब्ल्यूडी बनवाएगा लेकिन, अब तक ऐसा नहीं हो सका है। जिससे वहां पर



आवागमन करना मुश्किल हो रहा है। करीब पांच साल पहले आई बाढ़ में कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग की हिंदूपुर पुलिया बह गई थी। इसके बाद साढ़े तीन साल तक वह जस की तस पड़ी रही। पुलिया निर्माण को ग्रामीण खानापूर्ति ठहरा रहे हैं। यही नहीं बीते वर्ष आई बाढ़ से जलमग्न हुई फसलों का भी अब तक मुआवजा न मिलने की टीस भी क्षेत्रीय किसानों में है।

प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण बताते हैं कि लेखपाल सर्वे कर ले गए थे लेकिन, तहसील के चक्कर लगाने के बाद भी मुआवजे के नाम पर एक पैसा नहीं मिल सका है। गंगा कटरी क्षेत्र के लोग बाढ़ से जुड़े मामलों के प्रति सत्तारूढ़ दल के प्रति अधिक नाराजगी जताते हैं। उनका कहना है कि जनप्रतिनिधि व अधिकारी सही सर्वे रिपोर्ट तैयार कराते तो निश्चित मुआवजा मिलता। इसी तरह मार्गों की दुर्दशा दूर कराने को भी तवज्जो नहीं दी गई। किसान राम नारायण, राजेश कुमार, गंगा प्रसाद व कल्लू ने सभी दलों के नेताओं को एक थाली के चट्टे-बट्टे बताते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि के अंदर सेवाभाव न होने तक समस्याओं से निजात मिलना मुश्किल है।

## जागरुकता अभियान में सीओ ने की शत-प्रतिशत मतदान की अपील

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** स्थानीय आरआरडीएस इंटर कॉलेज में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान में सीओ अरविंद चौरसिया ने शुक्रवार को विद्यालय के छात्र-छात्राओं व अध्यापकों से आगामी 13 मई को अपने परिवार व मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि एक मत लोकप्रिय सरकार बनाने में सहायक हो सकता है।

सीओ ने प्रथम बार मतदाता बनने वाले विद्यार्थियों को मत का महत्व बताते हुए कहा कि आपका एक-एक वोट अत्यंत कीमती है। सुयोग्य जन प्रतिनिधि चुनने एवं सरकार बनाने में आपके एक वोट का बहुत बड़ा



विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक करते सीओ।

योगदान होगा। इसलिए अपना वोट बहुत सोच समझ कर दें और एक मजबूत सरकार गठित कर देशवासियों के अधिकारों की रक्षा करें। आपका एक वोट देश को प्रगति के पथ पर ले जाने का मार्ग भी प्रशस्त कर सकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपने मोहल्ले व गांव में लोगों से शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। अभियान में विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद कुमार सैनी, प्रधानाचार्य रश्मि गुप्ता व विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं व अध्यापक उपस्थित रहे।

# पोनी रोड पर निकलने में अभी लगेंगे झटके

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


पोनी गांव के पास रोड पर गड्ढों में भरा रहता पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्लागंज का पोनी रोड मार्ग सबसे लंबा है, मार्ग संकरा होने के कारण पोनी रोड पर आये दिन जाम की समस्या बनी रहती है। जिससे आने जाने वालों के अलावा क्षेत्रीय लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ती है। पोनी रोड तिराहे से लेकर पोनी गांव तक सड़क पर कई जानलेवा गड्ढे बने हुये हैं। इसके साथ ही कई स्थानों पर सड़क तालाब में तब्दील हो गई है। सड़क बनवाने के लिये पत्राचार भी हुआ लेकिन हाल ही में शासन ने स्वीकृति नहीं दी। जिससे लोगों को अभी और हिचकोले खाने पड़ेंगे।

पोनी रोड मार्ग गंगाघाट कोतवाली के सामने से पोनी रोड झंडेवाले चौराहे से होती हुई मझरा पीपरखेड़ा तक जाती है। गंगाघाट की आधी आबादी को मुख्य राजधानी मार्ग से जोड़ती है। वह पूरी तरह से अतिक्रमण का शिकार होने के साथ ही संकरा होने के कारण आये दिन भीषण जाम लगता है। जबकि यह मार्ग सरकारी दस्तावेजों पर 60 फीट चौड़ी सड़क अतिक्रमण की मार से मात्र 15 से 20 फिट पर सिमट चुकी है। पोनी रोड के दोनों ओर दुकानदारों ने भी आधी सड़क तक अपना वारदाना फैला रखा है। जिससे आने जाने वालों को जाम का दंश झेलना पड़ता है। जाम की समस्या और पोनी रोड वासियों को पोनी रोड चौड़ीकरण की मांग कर रहे थे।

इतना ही नहीं इस मार्ग पर इतने जानलेवा गड्ढे और क्षतिग्रस्त सड़क है कि आये दिन लोग गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जिस पर पीडब्ल्यूडी ने इस सड़क को बनाने और चौड़ीकरण के लिये शासन को स्टीमेट भेजा था और नाप जोख भी कराई थी लेकिन शासन से सड़क बनाने के लिये स्वीकृति नहीं मिली। जिससे अभी लोगों को इस मार्ग पर हिचकोले खाकर आना जाना पड़ेगा।

- **शासन से स्वीकृति नहीं मिलने से गड्ढे न भर सके**

**बोले जिम्मेदार**

"पोनी रोड बनने के लिये शासन को स्टीमेट भेजा गया था लेकिन स्वीकृति नहीं किया गया है। अक्टूबर नवम्बर में फिर स्टीमेट भेजा जायेगा। मार्च, अप्रैल में सड़क बन सकती है।

–अभिनेष कुमार, अवर अभियंता पीडब्ल्यूडी।

# डंपर की टक्कर से टूटा पोल, पुलिस से शिकायत

संवाददाता, बिछिया उन्नाव

**अमृत विचार।** दही थानाक्षेत्र के गांव तारगांव में सड़क किनारे लगे विद्युत पोल में गंगा एक्सप्रेस-वे में मिट्टी खनन के लिये लगे डंपर ने गुरुवार रात टक्कर मार दी। जिससे क्षेत्र के आधा दर्जन गावों की बिजली गुल हो गई। जेई ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेस-वे बनाया जा रहा है। जिसमें मिट्टी भरान का काम चल रहा है। गुरुवार देररात मिट्टी खनन में लगे डंपर ने सड़क किनारे लगे विद्युत पोल में टक्कर मार दी। जिससे पोल टूट गया और आधा दर्जन गावों की बिजली गुल हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे जेई विजयपाल यादव ने टूटा पोल देखने के बाद दरोगा खेड़ा चौकी प्रभारी को तहरीर देने और कार्रवाई करने की बात कही है। वहीं, दरोगा खेड़ा चौकी प्रभारी राम प्रताप ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।


रोड किनारे टूटा पड़ा विद्युत पोल।

# प्रशिक्षण छोड़ने पर प्रधान शिक्षिका को किया सस्पेंड

## प्रशिक्षण में बाधा बनने व अभद्र भाषा के इस्तेमाल का आरोप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मतदान कार्मिक प्रशिक्षण बीच में छोड़कर जाना प्रधान शिक्षिका पर भारी पड़ा। जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम गौरांग राठी के पत्र के आधार पर बीएसए संगीता सिंह ने शिक्षिका को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के लिए उन्हें बीईओ कार्यालय मियागंज कार्यालय से संबद्ध किया गया है। साथ ही बीईओ बांगरमऊ को पदेन जांच अधिकारी नामित करते हुए निलंबित शिक्षिका को आरोप पत्र सौंपने की जिम्मेदारी सौंपी है।



मियागंज ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मवई ब्रम्हनान में कार्यरत प्रधान शिक्षिका अंजना एक मई को पूरनदास नगर स्थित एसवीएम इंटर कालेज में पीठासीन अधिकारी के तौर पर मतदान कार्मिक प्रशिक्षण में शामिल होने पहुंची थीं। प्रशिक्षण शुरू होने के करीब 20 मिनट बाद ही अगली पंक्ति में बैठी शिक्षिका अपनी सीट से उठकर जाने लगीं। इस पर मौके पर प्रशिक्षण कराने की जिम्मेदारी संभाल रहे मतदान कार्मिक सहायक प्रभारी अधिकारी जिला विकास अधिकारी संजय पांडेय व युवा कल्याण अधिकारी ने उन्हें प्रशिक्षण बीच में छोड़कर जाने से रोका, लेकिन उन्होंने अधिकारियों के निर्देशों को दरकिनार करते हुए प्रशिक्षण स्थल छोड़ दिया। इसी तरह उन्होंने पहले भी मतदान प्रशिक्षण बीच में ही छोड़ दिया था। जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम द्वारा दो मई को जारी पत्र के आधार पर बीएसए ने लोकसभा निर्वाचन में शिथिलता, अनुशासन हीनता व उच्चाधिकारियों के निर्देशों के उल्लंघन के आरोप में प्रधान शिक्षिका को निलंबित कर दिया है। निलंबित शिक्षिका पर दायित्व निर्वहन न करने, लोकमहत्व के निर्वाचन कार्य में रुचि न लेने, प्रशिक्षण प्राप्त न करने सहित व्यवधान डालने, स्वछंद कार्यशैली अपनाने, उच्चाधिकारियों के साथ अभद्र भाषाशैली प्रयोग करने, विभागीय कर्मचारी नियमावली 1973 व कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 में निहित नियमों का उल्लंघन करने व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 सहित अन्य प्राविधानों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। बीएसए ने निलंबन अवधि के लिए प्रधान शिक्षिका को बीईओ मियागंज कार्यालय से संबद्ध करते हुए जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आदेश दिया है। साथ ही बीईओ बांगरमऊ को अनुमोदित करा प्रधान शिक्षिका को आरोप पत्र सौंपने के निर्देश जारी किए हैं।

# निजी अस्पताल में महिला की मौत पर परिजनों का हंगामा


आक्रोशित परिजनों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत आदर्श नगर मोहल्ले में संचालित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। इससे नाराज परिजनों ने अस्पताल गेट के बाहर शव रख हंगामा करना शुरू कर दिया। बवाल बढ़ता देख अस्पताल कर्मचारी इधर-उधर हो गए। सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन व डाक्टर पर कार्रवाई की मांग की है।

आराधना पत्नी दीपक निवासी कल्याणपुर कानपुर की बीते चार अप्रैल को एक निजी अस्पताल में सर्जरी से डिलीवरी हुई थी। उसका मायका सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पीतांबर नगर में है। इसी कारण परिजनों ने उसे यहां भर्ती कराया था। शुक्रवार देरशाम उसकी अस्पताल में हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। भाई विनीत ने अस्पताल कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। अन्य परिजन पहुंचे और हंगामा करने लगे। सभी डाक्टर पर कार्रवाई करते हुए अस्पताल को सीज करने की मांग करने लगे। इससे सड़क पर जाम लग गया। सदर कोतवाल फोर्स के साथ पहुंचे और परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन परिजन कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# फेफड़े में दूध जाने से हुई थी बच्चे की मौत

**सफीपुर उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ब्रजपालपुर गांव में पति की पिटाई के बाद मायके गई पत्नी पर उसकी सास ने नाती की हत्या का आरोप लगाया था। वहीं, पत्नी ने पति की मारपीट में बच्चे की मौत होने की वजह बताई थी। शुक्रवार को हुए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में दोनों आरोपों की पुष्टि नहीं हुई। बच्चे की मौत फेफड़ों में दूध जाने से होने की बात सामने आई है।

बता दें कि ब्रजपालपुर गांव निवासी आशीष अपनी पत्नी नंदनी को आएदिन पीटता था। बुधवार को भी उसने घर मे जमकर हंगामा किया। विरोध करने पर पत्नी को पीट दिया था। घंटो हंगामे के बाद भी जब आशीष शांत नही हुआ तो पत्नी ने पीआरवी को सूचना दी। पुलिस दोनों को कोतवाली ले गई जहं नंदनी की तहरीर पर पुलिस ने पति पर शांतिभंग की कार्रवाई कर हवालात में डाल दिया था। इसके बाद नंदनी अपने आठ माह के बेटे अयांश को लेकर मायके आसीवन के सिर्सचेरी गांव चली गई थी। गुरुवार करीब 10 बजे अयांश की मौत हो गयी। इस पर महिला की सास सविता ने बहू पर नाती की हत्या करने का आरोप लगाया था।

# लेखपाल का किसान को धमकी देने का वीडिओ वायरल

**बिछिया।** सदर तहसील क्षेत्र के गांव नेवरना में गुरुवार को लेखपाल गांव में तालाब की जमीन नापने गए थे। जिसके बगल में गांव के मुनेश्वर रावत की जमीन थी। नाप के दौरान किसान ने कहा कि मेरी भी जमीन नाप दो। इसके बाद तालाब की जमीन नापो। इस बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। इस दौरान किसी ने वीडियो बना लिया। जिसमें लेखपाल किसान से कह रहा है कि तुमको जो करना हो कर लो। 20 दिन का समय दे रहे हैं। इतना कहकर लेखपाल वहां से चला गया। अमृत विचार वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

# खेत जा रहे किसान को सांड़ ने पटका, गई जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- **फसल की रखवाली करने को खेत जाते समय किया हमला**
- **परिजन सीएचसी लाए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया**

**अमृत विचार।** फसल ताकने जा रहे वृद्ध किसान पर एक सांड़ ने हमला कर दिया। इसमें उसे गंभीर चोटें आ गईं। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसके सिर व पैर में चोटें मिली हैं।

बिहार थानाक्षेत्र के कुतुबपुर गांव के मजरा बेहटा निवासी किसान कुन्हू (67) बीती गुरुवार देर शाम अपनी फसल की रखवाली करने जा रहा था। तभी रास्ते में एक सांड़ ने उसे अचानक दौड़ा लिया। उसने भागकर जान बचाने का प्रयास किया लेकिन सांड़ ने उस पर हमला कर दिया।

इससे उसे गंभीर चोटें आ गईं। परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां डांक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इकलौता बेटा पिता की मौत से बेहाल है। एसओ शिवप्रकाश पांडेय ने बताया कि सांड़ के हमले से मौत की सूचना बेटे ने दी थी। इस पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# भाजपा विधायक ने पर्चे बांट मांगे वोट

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर विधायक पंकज गुप्ता ने जहां भाजयुमो पदाधिकारियों द्वारा शहर में चलाए गए जनसंपर्क अभियान में शामिल होकर पर्चे बांटते हुए लोगों से पार्टी के लिए वोट मांगे। वहीं सरोसी शक्ति केंद्र सहित पतारी में बूथ अध्यक्षों व पन्ना प्रमुखों के साथ बैठकें कर सभी से प्राण-प्रण से जुटकर लगातार तीसरी बार भाजपा को जिताने की अपील की।

शहर के बड़ा चौराहा व आसपास इलाके में युवा मोर्चा पदाधिकारियों ने विधायक की मौजूदगी में शाम के समय जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं ने हाथों में अबकी बार-चार सौ पार, एक बार फिर मोदी सरकार व अबकी बार-पांच लाख पार आदि नारे लिखे प्लेकार्ड लेकर नारेबाजी करते हुए जनसंपर्क करते रहे। इस दौरान विधायक सहित अन्य लोग दुकानदारों व राहगीरों के बीच पंपलेट बांटकर हांथ जोड़कर वोट मांगते रहे। जनसंपर्क में युवा मोर्चा के लोकसभा प्रभारी प्रशांत सेठ, नगर अध्यक्ष क्षितिज शुक्ल, जिला महामंत्री अंकित यादव, विधान सभा प्रभारी प्रवीण शुक्ला आदि रहे। विधायक ने शक्ति केंद्र सरोसी व पतारी में आसपास की बूथ कमेटियों व पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक भी की। उन्होंने कहा कि अब बाकी बचे दिनों में सभी को समर्पित भाव से पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के अभियान में जुटना चाहिए।



जनसंपर्क अभियान में शामिल सदर विधायक पंकज गुप्ता सहित अन्य। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### कमरे में फंदे से लटका मिला विवाहिता शव

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत कल्याणी मोहल्ला निवासी विवाहिता का शव कमरे में लटका देख ससुरालियों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई। शहर के कल्याणी मोहल्ला निवासी दर्शनी (33) पत्नी प्रशांत बाजपेयी शुक्रवार दोपहर अपने कमरे में पंखे के कुंडे में दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गई। कमरे में पहुंचा पति शव लटका देख बेहाल हो गया। जानकारी पर मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मोहल्ले में घरेलू विवाद में महिला के खुदकशी करने की चर्चा रही। सूचना पर पहुंचे महिला के भाई गौरव ने ससुरालियों पर किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया। पोस्टमार्टम में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। मां की मौत से बेटी श्रीनी (8) बेटे ओम (5) के सिर से मां का साया हमेशा के लिए छिन गया। एसएचओ प्रमोद मिश्र ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है।

### किशोरी को बहलाकर ले जाने पर मिली चार साल की सजा

**उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र एक गांव निवासी किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी युवक को दोषी ठहराते हुए चार साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।बता दें कि फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने 30 मार्च-2016 को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी 17 वर्षीय बेटी 29 मार्च की सुबह 10 घर से बैंक जाने की बात कहकर निकली थी। लेकिन वह शाम तक नहीं लौटी। उसने काफी तलाश की तब उसे पता चला कि गांव निवासी छोटू, उसके भाई नाननान व गुड्डू और पिता जगनू उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर कहीं ले गए हैं। पहले पुलिस ने उसको टरका दिया लेकिन, बाद में रिपोर्ट कर जांच शुरू की थी। आईओ तत्कालीन एसओ कुलदीप सिंह गौर ने जांच में छोटू को इसका दोषी पाते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसके दोनों भाइयों व पिता के नाम निकाल दिए थे। उन्होंने हुए छोटू के विरुद्ध मई-2016 में कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता राजीव अवस्थी की दलीलों व प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर एडीजे शैलेंद्र सिंह यादव ने छोटू को दोषी करार देते हुए चार साल की सजा के साथ उस पर 20 हजार का अर्थदंड लगाया है।

### पत्ते तोड़ते समय पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के मुटकुरी गांव निवासी युवक संतुलन बिगड़ने से आम के पेड़ से नीचे गिर गया। परिजन उसे गंभीर हालत में अस्पताल लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मटुकरी गांव निवासी संदीप कुमार (26) पुत्र सियाराम गुरुवार शाम अपनी बकरियों के लिए गांव के बाहर लगे आम के पेड़ पर चढ़कर पत्ते तोड़ रहा था। तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। काफी देर बाद वहां से निकले ग्रामीणों ने उसे घायल पड़ा देख परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उसकी मौत से छोटे भाई कुलदीप, प्रदीप व मां उर्मिला बेहाल हैं।

### किशोरी को अगवा करने पर तीन के खिलाफ एफआईआर

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली किशोरी को एक युवक अपने साथ ले गया था। जिस पर किशोरी के पिता ने खोजबीन की। इस दौरान घर में रखी हजारों की नकदी भी गायक मिला। पिता ने तीन के खिलाफ गंभीर धाराओं में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहल्ले के रहने वाले युवक ने गंगाघाट कोवताली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसकी बेटी को पिछले महीने एक युवक बहला फुसला कर भगा ले गया था, जिस पर उसने खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। इस दौरान घर में रखे अस्सी हजार रुपये भी गायब मिले। आरोप है कि घर में घुसकर युवक ने मारपीट भी की थी। तहरीर के अनुसार पुलिस ने अतुल, रिंकू धानुक उर्फ बाबादीन, लक्ष्मी धानुक के खिलाफ किशोरी के अगवा करने, मारपीट समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

### चेकिंग के दौरान टीम ने हटवाये स्टीकर, उतरवाये झंडे

**शुक्लागंज उन्नाव।** आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुये वाहनों की चेकिंग अभियान में तेजी आई है। जहां उड़नदस्ता टीम के मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में सुबह से लेकर देर रात तक वाहनों की चेकिंग की जा रही है। शुक्रवार को चेकिंग के दौरान वाहनों से राजनैतिक स्टीकर हटवाने के साथ ही झंडे उतरवाये और चालकों को हिदायत दी। जिला निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शुक्रवार को उड़नदस्ता टीम के मजिस्ट्रेट सूर्य प्रकाश शुक्ला अपनी टीम के साथ नवीन पुल मोड़ के पास पहुंचे। जहां उन्होंने कानपुर से आने जाने वाले वाहनों को रोक कर उनकी तलाशी ली। पुलिस कर्मियों ने चालकों के वाहन नंबर और उनका नाम लिखा। इस दौरान टीम ने स्कूटी, दोपहिया, चौपहिया वाहनों को रोक कर डिग्गी खुलवा कर चेकिंग की। मजिस्ट्रेट ने बताया कि चेकिंग के दौरान कुछ वाहनों में स्टीकर लगे मिले। जिन्हें हटवा दिया गया। वहीं राजनैतिक झंडों को भी उतरवाया गया है।

### सरैयां आरओबी के पिलर निर्माण की तैयारी तेज

**शुक्लागंज उन्नाव।** बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर बनने वाले आरओबी का कार्य बीते कुछ दिनों से बंद था। जिससे रेलवे का कार्य पिछड़ रहा था। जिसे देखते हुये रेलवे ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये और आरओबी के लिये धन आवंटित कराया। जिसके बाद कार्य में तेजी आई है। इस समय पिलर की जांच का कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही लोहे की सरियों का जाल भी तैयार किया जा रहा है। सरैयां रेलवे क्रासिंग पर रोजाना जाम लगने के कारण बैराज मार्ग पर आरओबी का निर्माण सेतु निगम और रेलवे द्वारा कराया जा रहा था। धन आवंटित न होने के कारण कार्य बंद था। धन आवंटित होने के बाद कार्यदायी संस्था ने कार्य शुरू करा दिया है। पिलर बनाने के लिये सरियों का जाल तैयार किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था के साइट इंजीनियर बलराम यादव ने बताया कि पिलर बनाने के लिये संसाधन जुटाये जा रहे हैं। इसके अलावा अन्य सामानों की भी पूरी व्यवस्था कर ली गई है। आगामी छह माह में क्रासिंग पर स्लेप सहित कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### पुलिस ने फ्राड कर खातों से उड़ाई गई धनराशि कराई वापस

**उन्नाव।** दो खाताधारकों से फ्राड कर साइबर अपराधियों ने 18 हजार रुपए खाते में ट्रांसफर करा लिए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी और धनराशि उनके खातों में वापस कराई। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जेर खिड़की निवासी रशीदखान ने 20 अप्रैल को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसके खाते से 13 हजार रुपये फ्रॉड कर दूसरे खाते में चले गए हैं। वहीं एबीनगर मोहल्ले के नवीउल्लाह ने 28 अप्रैल को शिकायत कर बताया था कि उसके भी खाते से 5000 रुपये दूसरे के खाते में स्थानांतरित कर दिए गए हैं। दोनों प्रार्थनापत्रों पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीड़ितों के खाते में पूरी धनराशि वापस करवाई। इसमें इंस्पेक्टर क्राइम राजेश यादव, दरोगा बृजेश यादव व महिला आरक्षी सोनिया शर्मा का योगदान रहा।

## विविध

# केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के पुत्र ने भी कराया नामांकन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **बताया जा रहा है कि विकास ने डमी कैंडिडेट के रूप में पर्चा दाखिल किया**

**अमृत विचार :** मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के बेटे विकास ने नामांकन के अंतिम दिन अपना पर्चा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भर दिया है। अपने समर्थकों व वकील के साथ विकास चुपचाप अपना पर्चा दाखिल कर कलेक्ट्रेट से निकल गए। बताया जा रहा कि विकास डमी कैंडिडेट के रूप में हैं।

विकास किशोर का नाम केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर की राजनैतिक विरासत संभालने के लिए 2022 में सामने आया। केंद्रीय राज्यमंत्री विकास को मलिहाबाद से प्रत्याशी बनाना चाहते थे। हालांकि भाजपा ने विकास किशोर का टिकट काट दिया। वहीं, विधायक व विकास की मां जया देवी कौशल को प्रत्याशी बना दिया था। कौशल किशोर के बेटे विकास का नाम सितम्बर माह में करीबी दोस्त विनय श्रीवास्तव की हत्या मामले में सामने आया था। उसके खिलाफ दो सितंबर को हत्या के मामले में दुबग्गा थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी।


विनय की हत्या में जिस असलहे का प्रयोग किया गया था वह विकास का ही था। वारदात वाली रात विकास दिल्ली चला गया था, लेकिन उसने अपना असलहा लापरवाही से बेडरूम में तकिये के नीचे रखा था। इसी असलहे से विनय की हत्या कर दी गई थी।

# रायबरेली से पहली बार मैदान में राहुल

संवाददाता, रायबरेली

- **भाजपा से दिनेश ने दिखाया दम, नामांकन में पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक**
- **राहुल गांधी के साथ सोनिया व प्रियंका वाड्रा समेत कई दिग्गज रहे मौजूद**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन शुक्रवार को सुबह से ही गहमागहमी का माहौल रहा। सोनिया गांधी के राज्यसभा में जाने के बाद राहुल गांधी ने पहली बार रायबरेली से नामांकन भरते हुए जनपदवासियों से नाता जोड़ने की भरसक कोशिश की। उनके साथ मां सोनिया गांधी के अलावा बहन प्रियंका वाड्रा, बहनोई राबर्ट, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डीं, अशोक गहलोत समेत कई दिग्गज नेता नामांकन के समय मौजूद रहे। वहीं भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मोर्चा संभाला।



### पहली बार नामांकन के बाद की पूजा

शायद यह पहली बार हुआ है कि गांधी परिवार का कोई सदस्य नामांकन के बाद पूजा के लिए बैठा। प्रत्याशी की घोषणा में देरी और पूरी तैयारी नहीं होने के कारण ऐसा माना जा रहा है। अब तक इंदिरा गांधी से लेकर सोनिया गांधी तक ने जब भी लोकसभा के लिए नामांकन किया पहले कांग्रेस के कार्यालय पहुंचकर पूजन किया। उसी परंपरा को निभाने के लिए नामांकन से पहले पूजन कार्यक्रम रखा गया था। देरी होने के कारण राहुल गांधी, मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी, बहनोई राबर्ट वाड्रा आदि के साथ पहले नामांकन करने चले गए। इससे पहले नामांकन के लिए पूजन मुख्य यजमान कल्याण गांधी करा चुके थे। राहुल गांधी नामांकन के बाद सीधे पारंपरिक पूजन में शामिल हुए। इस दौरान विधायक आराधना मिश्रा उर्फ मोना, सपा विधायक राहुल लोधी, बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, विनय द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

सबसे पहले भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में कार्यकर्ता सुबह से ही सुपर मार्केट में एकत्र होने लगे। वहीं डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पहुंचकर कार्यकर्ताओं में खूब जोश भरा। दोपहर बाद भाजपा प्रत्याशी के रथ पर सवार होकर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला समेत अन्य लोग नामांकन के लिए निकले। रथ पर सवार होकर डिग्री कालेज चौराहा से पुलिस अधीक्षक कार्यालय होते हुए नामांकन कक्ष पहुंचे। जिला निर्वाचन अधिकारी के सामने दिनेश सिंह ने चार सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया।

वहीं से कुछ दूरी पर कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय में भी कांग्रेस और सपा कार्यकर्ता पहुंचे थे। कांग्रेस प्रत्याशी का काफिला तिलक भवन होते हुए केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय पहुंचा। वहां कुछ देर रुकने के बाद कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन कक्ष के लिए रवाना हो गए। करीब दो बजे राहुल गांधी ने मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी, बहनोई राबर्ट वाड्रा के साथ नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर राहुल गांधी ने जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर को चार सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो. इलियास, अजयपाल सिंह, पंकज तिवारी, सुशील पासी प्रस्तावक बने।

# आईएएस बताकर राज्य कर अधिकारी से रचा ली शादी

संवाददाता, सुलतानपुर

- **पैसे लेकर फरार हुई तो हुआ मामले का खुलासा**
- **पहले से शादीशुदा थी युवती मुकदमा दर्ज**

**अमृत विचार :** राज्य कर अधिकारी को फेसबुक पर एक युवती से प्यार हो गया। बातचीत में युवती ने खुद को अविवाहित व आईएएस बताया। इसी बीच दोनों ने मंदिर में शादी कर ली। शादी के कुछ दिन बाद वह पैसे लेकर फरार हो गई।

पुलिस के अनुसार मैनपुरी जिले के नोबिल कुमार आगरा में राज्य कर अधिकारी है। उन्होंने आगरा पुलिस उपायुक्त को तहरीर देते हुए बताया कि फेसबुक के माध्यम से कल्पना से जान पहचान हुई। बाद में उसने खुद को अविवाहित बताते हुए आईएएस अधिकारी अंडर कवर बताया। पोस्टिंग के बारे में पूछने पर बताया कि यह गोपनीय है, समय आने पर बता देगी। दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई तो आर्य मंदिर में शादी कर ली। शादी में कल्पना ने अपना पता सुलतानपुर जिले की नगर पंचायत दोस्तपुर के बभनिया पूरब लिखाया था। शादी के कुछ दिन बाद कल्पना कहीं चली गई और पैसे की मांग करती रही, जिसे मैं देता रहा। बाद में पता चला कि कल्पना की शादी लखनऊ निवासी मनोज कुमार से पहले ही हो चुकी है। बताया जा रहा है कि कल्पना ने खुद को हाथरस का एसडीएम बताते हुए किसी एडिशनल एसपी दिलीप को भी प्रेम जाल में फांस धन उगाही की थी। आगरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सुलतानपुर पुलिस को मामले को ट्रांसफर कर दिया था।

